हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 22 दिसंबर 2024
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता व कटिबद्धता के लिए राज्यपाल द्वारा सम्मान प्राप्त।

# अब मरीजों को नहीं लगानी पड़ती है महानगरों की दौड़ किडनी और मूत्र रोगों के सफल उपचार के बाद हृदय रोगियों के लिए शहर का सबसे बड़ा विश्वसनीय संस्थान

*भिलाई। आरोग्यम अस्पताल किडनी व मूत्र संबंधी रोगों के उपचार में दिन पर दिन नया रिकार्ड बना रहा है। सर्वसुविधायुक्त इस हॉस्पीटल में सुपर स्पेशियेलिटी डाक्टर्स की टीम द्वारा कम खर्च में लोगो को वो सारी सुविधाएं दे रहा है जिसके लिए मरीज बड़ी रकम खर्चकर बाहर जाकर ईलाज कराते थे। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. नवीन दारुका के मुताबिक उनकी सुविधाओं के लिए संभाग ही नहीं प्रदेश के कोने-कोने से गुर्दा व मूत्र रोग संबंधी बीमारियों के उपचार के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। आरोग्यम की एक बड़ी सफलता यह रही कि कुछ दिन पहले ही दुर्ग जिले का एकमात्र संस्थान बन गया है जो क्वालिटी और स्टैंडर्ड मेंटेन करने आरोग्यम को **NABH** ( नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थ केयर) की फाइनल मान्यता मिल चुकी है। संस्थान को यह राष्ट्रीय मान्यता सभी विभाग के सुपर स्पेशियेलिटी डाक्टर्स की टीम एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य सेवा के सभी मापदंडों का पालन करने के लिए दिया गया है। आने वाले नए साल में हॉस्पिटल में हार्ट सर्जरी और निसंतानो के लिए **IVF** पद्धति से मेल व फीमेल दोनो का एक साथ ट्रीटमेंट करने के साथ ही लीवर ट्रांसप्लाट की भी सुविधा मिलेगी। नेशनल हाईवे के किनारे स्थित होने के कारण आरोग्यम हॉस्पिटल ट्रामा/आपातकालीन स्थिति के लिए सबसे किफायती एवं विश्वसनीय संस्थान के रूप में जाना पहचाना नाम बन चुका है। इस अस्पताल की सुविधाओं से राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा और कवर्धा जिले के ही नहीं संभाग के सभी जिले सहित प्रदेश के बाहर से आए लोगों को लाभ मिल रहा है। पिछले चार महीने में यहां के विशेषज्ञों की टीम ने कमाल किया है। किडनी ट्रांसप्लांट जो कि पहले प्रदेश से बाहर संभव होता था, एक नहीं दो-दो सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर दिखाया है। यह अस्पताल संभाग का पहला किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाला अस्पताल बन गया है।*



*"मेरा लक्ष्य छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं में अग्रणी बनाना है, जिसमें हम प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को विश्वस्तरीय ,बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें, ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें।"*

## 24 घंटे विशेषज्ञों की टीम मुश्तैदी से तैनात

**डॉ. आकाश बक्शी**
( वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ व सर्जन)
**OPD Timing** सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक।

**डॉ. जीवन लाल घीदले**
( वरिष्ठ पेट, आंत, लिवर एवं पित्त नली के पथरी रोग विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक।

**डॉ. कुलदीप सिंह**
(नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक।

**डॉ. आर के साहू**
(वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ एवं किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन)
सोमवार से शनिवार **OPD Timing** सुबह 11 से शाम 5 बजे तक।

**डॉ. एसके सेठी**
(जनरल मेडिसिन एवं किडनी परामर्श विशेषज्ञ)
**OPD Timing** प्रत्येक मंगलवार व शनिवार शाम 6 बजे से 9 बजे तक।

**डॉ. नवीन दारुका**
( वरिष्ठ मूत्र रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार सुबह 8 से रात 10 बजे तक।)

**डॉ. रैनी अग्रवाल (मुंबई)**
(निसंतानता, कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक।

**डॉ. तरुण नायक, डॉ. रूपनारायण साहू**
( वरिष्ठ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार शाम 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक।

**डॉ. राजेश सिंघल**
(जनरल मेडिसिन, हाइपरटेंशन, शुगर, थायराइड रोग विशेषज्ञ)
**OPD Timing** सोमवार से शनिवार दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक।

**डॉ. विशाल अग्रवाल**
(जनरल मेडिसिन,शुगर, आईसीयू, ब्लड प्रेशर विशेषज्ञ)
सोमवार से शनिवार शाम 6 से रात 9 बजे तक।

## सुविधाएं अपार

### स्वास्थ्य के लिए 24 घंटे सातों दिन समर्पित अस्पताल

**आरोग्यम में ही एक छत के नीचे हर प्रकार की जनरल सर्जरी वह भी दूरबीन विधि से, जांच के लिए कहीं और जाना भी नहीं**



**भिलाई।** आरोग्यम अस्पताल में ऐसा नहीं की केवल किडनी व मूत्र रोग संबंधी बीमारियों के उपचार की ही सुविधा है। बल्कि एक ही छत के नीचे हर प्रकार की जनरल सर्जरी भी की जाती है। वह भी सभी सर्जरी दूरबीन (लेप्रोस्कोपिक) विधि से होती है। इस तरह की सर्जरी जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. तरुण नायक की टीम करती है। सर्जरी से पहले होने वाली जरूरी जांच के लिए भी यहां के मरीजों को कहीं और आना जाना नहीं पड़ता है। 24x7 जनरल सर्जरी के साथ ही 24X7 एक्स-रे, सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व ब्लड जांच की सुविधा है। जनरल सर्जरी में ये रोज हो रही सभी प्रकार की हार्निया सर्जरी, पित्त (गॉल ब्लेडर) की पथरी, स्पलीन (ताप तिल्ली) सूजन, अपेंडिक्स व अग्नाश्य में सूजन, आमाशय एवं आंतों की बीमारी।







## दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए एक उम्मीद की किरणः डॉ. आकाश बक्शी

दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए आरोग्यम हॉस्पिटल में एक नई उम्मीद का सूरज उग चुका है। **वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आकाश बक्शी** के नेतृत्व में अब यहां दिल से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज अत्याधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञता के साथ किया जा रहा है। **डॉ. आकाश बक्शी**, जो कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में वर्षों से अनुभव रखते हैं, अपने मरीजों के लिए नए इलाज के तरीके और जीवनशैली से जुड़ी सलाह देने के लिए प्रसिद्ध हैं। उनका मानना है कि दिल की बीमारियों का समय रहते इलाज और सही जीवनशैली के पालन से उपचार किया जा सकता है। आरोग्यम हॉस्पिटल में अब उच्चतम स्तर की कार्डियोलॉजिकल सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जैसे एंजियोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, हार्ट फेल्योर का इलाज, और दिल के दौरे से बचाव के लिए विशेष कार्यक्रम। डॉ. बक्शी ने इस पहल पर कहा, दिल की बीमारियां अब एक गंभीर समस्या बन चुकी हैं, लेकिन सही समय पर इलाज और जीवनशैली में बदलाव से हम इन बीमारियों को नियंत्रित कर सकते हैं। आरोग्यम हॉस्पिटल में हमारे पास ऐसी तकनीकें और विशेषज्ञता है जो मरीजों के दिल के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती हैं। आरोग्यम हॉस्पिटल में डॉ. आकाश बक्शी के नेतृत्व में दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह एक नई आशा की किरण बनकर उभरी है, और यह हॉस्पिटल अब दिल के मरीजों के लिए सबसे विश्वसनीय और अग्रणी केंद्र बन चुका है।

**आपके दिल का सच्चा साथी**






**गुड न्यूज..** किडनी ट्रांसप्लांट एवं दुर्लभ सर्जरी कर 350 से अधिक मरीजों को दुर्लभ बीमारियों से दिलाया निजात

# हाइवे से लगा एकमात्र सुपर स्पेशियेलिटी अस्पताल जहां ट्रामा की सर्वश्रेष्ठ टीम उपलब्ध है।

**भिलाई।** किडनी व मूत्र रोग के इलाज से किडनी ट्रांसप्लांट तक पहुंचा आरोग्यम अस्पताल धीरे-धीरे मध्य भारत का ट्रांसप्लांट सेंटर बन रहा है। दो साल के भीतर ट्रांसप्लांट तक पहुंची यहां के विशेषज्ञों की टीम नए लक्ष्य के लिए तन-मन-धन से जुटी है। अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर कविता दारुका के मुताबिक किडनी ट्रांसप्लांट के बाद लिवर ट्रांसप्लांट शुरू करने की तैयारी की जा रही हैं। विगत दिनों सेक्टर-9 हॉस्पिटल (बीएसपी) से रिटायर्ड अनुभवी **डॉ. जीवन लाल घीदले** जो अब पेट संबंधित बीमारियों के मरीजों का आरोग्यम अस्पताल में उपचार करेंगे। लिवर ट्रांसप्लांट की नई सुविधा अस्पताल प्रबंधन ने नए साल में संभाग वासियों के देना तय किया है। काम चल रहा है।



स्वास्थ्य आपातकालीन स्थिति किसी भी समय आ सकती है और ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कादंबरी नगर दुर्ग बाईपास रोड स्थित आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक 24x7 इमरजेंसी, ट्रामा सेंटर और क्रिटिकल केयर यूनिट है। यहां चौबीसों घंटे अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम आधुनिक मेडिकल मशीनों की मदद से मरीजों की जान बचा रही हैं। इस स्थापित यूनिट की वजह से आज आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल छत्तीसगढ़ में आपातकालीन उपचार के लिए एक बड़ा नाम बनता जा रहा है। 24X7 इमरजेंसी सुविधा हॉस्पिटल में मरीजों को आपातकालीन स्थिति में आते ही सर्वोत्तम चिकित्सा बिना समय गंवाए मिल जाती है।



आरोग्यम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग की मैनेजिंग डायरेक्टर कविता दारुका का कहना है कि मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली जैसे महानगरों में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं सस्ते दर पर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। डायलिसिस व सामान्य किडनी रोगो के उपचार से शुरु कर 2 साल में किडनी ट्रांसप्लांट तक पहुंचे है। हमारी टीम आरोग्यम को प्रदेश का सस्ता व बेहतरीन ट्रांसप्लांट सेंटर बनाने पर काम कर रही है, आगे लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा देना हमारा लक्ष्य है।

## अत्याधुनिक एवं दुर्लभ सर्जरी जिसे आरोग्यम टीम द्वारा कुशलतापूर्वक किया

### दुर्लभ मूत्र संबंधी विकार से पीड़ित पांच साल के बच्चे की सफल सर्जरी

दुर्लभ मूत्र संबंधी विकार एपीस्पीडियास से ग्रसित 5 वर्षीय बच्चा जन्म के साथ ही एपीस्पीडियास से पीड़ित होने से बच्चे को पेशाब सामान्य रूप से ना हो कर लिंग के ऊपरी हिस्से से होने के चलते बच्चे के माता-पिता काफी परेशान थे, कई जगह इलाज कराने के बाद आरोग्यम अस्पताल के डॉ नवीन राम दारुका से परामर्श लेकर दिल्ली के सुप्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट **डॉ. गौतम बंगा, डॉ. नवीन राम दारुका** एवं आरोग्यम की टीम द्वारा इस जटिल ऑपरेशन को करके बच्चे की यूरेथ्रा का पुनर्निर्माण किया गया, ऑपरेशन के दौरान अंगों की सरंचना को सामान्य स्थिति में लाया गया। लगभग 3 घंटे तक चली सर्जरी उपरांत बच्चा सामान्य स्थिति में मूत्र विसर्जन करने लगा। जो अस्पताल की टीम के लिए अनोखा केस रहा।

### एक ही मरीज में दूरबीन से गुर्दे, पित्त नली, पित्ताशय की पथरी का दुर्लभ सर्जरी

काफी समय से पित्त नली की पथरी का दर्द झेल रहे 52 वर्षीय मरीज का आरोग्यम में सही ईलाज मिलने पर राहत मिली। **डॉ. जीवनलाल एवं डॉ. नवीन राम दारुका** की टीम ने सीटी स्कैन एवं अन्य जांच कर मरीज के पित्त की नली में बड़ी पथरी, किडनी में सूजन, पैंक्रियाटाइटीस जैसी घातक बीमारी के साथ ही पित्ताशय एवं किडनी में कई पथरियां पाई गई, जो कि मरीजों में इस प्रकार की समस्या काफी दुर्लभ होती हैं, इस गंभीर स्थिति में आरोग्यम के विशेषज्ञों की टीम द्वारा दूरबीन पद्धति से पित्त नली की पथरी को तोड़कर बायलरी स्टेंट एवं किडनी में **DJ** स्टेंट एवं पेनक्रियाज में भी स्टेंट डालकर सफल ईलाज किया गया। मरीज अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है। संभवतः यह जिले का पहला केस होगा। जहां इस प्रकार की सर्जरी की गई।

### ओडिसा से पहुंचे मरीज की स्पाइनल कॉर्ड में ट्यूमर की जटिल सर्जरी

दुर्ग जिले के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में से एक आरोग्यम अस्पताल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं का प्रदर्शन करते हुए हाल ही में, अस्पताल के विशेषज्ञ **डॉ. कुलदीप सिंह** की टीम ने उड़ीसा से पहुंचे एक मरीज के स्पाइनल कॉर्ड में जटिल ट्यूमर की सफल सर्जरी कर उसे नई जिंदगी दी। दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण इस बीमारी का **डॉ. कुलदीप** द्वारा **MRI** करने पर ट्यूमर का पता चलते ही आधुनिक तकनीक और उच्चतम कौशल का उपयोग कर 5 घंटे में यह सर्जरी पूरी की। संवेदनशील स्थान पर ट्यूमर होने से ऑपरेशन में बेहद सावधानी की आवश्यकता थी। लेकिन **डॉ. कुलदीप** की टीम सटीक माइक्रोस्कोपिक तकनीक का उपयोग करते हुए इसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया। मरीज के परिजनों ने अस्पताल की टीम का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने उम्मीद खो दी थी, लेकिन आरोग्यम की टीम ने उनकी जिंदगी में एक नई रोशनी लाई है। सर्जरी में अस्पताल के कुशल चिकित्सा टीम ने आरोग्यम अस्पताल को एक बार फिर मेडिकल क्षेत्र में अग्रणी साबित किया।

### आधुनिक पद्धति से कर रहे यह सर्जरी

गैस्ट्री सर्जरी, ब्रेन ट्यूमर, स्पाइन सर्जरी, घुटने का प्रत्यारोपण, थायराइड और कैंसर सर्जरी की सुविधा। डॉ. तरुण नायक पहले पेट संबंधी छोटी सी परेशानी से पेट चीरना पड़ता था। लेकिन लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से पेट चीरने की जरूरत नहीं पड़ती है। इससे मरीज की रिकवरी तेज होती है। जटिल सर्जरी भी लेप्रोस्कोपिक पद्धति से कर सकते हैं।

### 75 % महिलाओं की टीम से बना सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पीटल

महिलाएं संवेदनशील होती है और वे दूसरों का दर्द बखूबी समझती है इसलिए आरोग्यम में डाक्टर और नर्स सहित 75 प्रतिशत महिलाओं की सुपर टीम 24x7 लगन के साथ मरीजों की देखरेख करने से लेकर डिस्चार्ज के बाद फॉलोअप पूरी जिम्मेदारी से निभाती है।

## उपलब्धियां

- अल्प समय में संभाग का सबसे बड़ा ट्रांसप्लांट केंद्र
- जिले का एकमात्र अस्पताल जहां ट्रांसप्लांट आईसीयू है।
- दुर्ग जिले का एक मात्र संपूर्ण NABH हॉस्पिटल
- संभाग का सबसे बड़ा 15 बेडेड डायलिसिस यूनिट।
- 300 से अधिक नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन। सैंकड़ो मरीजों को मिला लाभ।
- 3500 से अधिक किडनी सर्जरी।
- डायलिसिस 18500 से अधिक।
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी 1200 से अधिक।
- ब्रेन ट्यूमर सर्जरी 50 से अधिक।
- गेस्ट्रो प्रोसिजर- मात्र चार में महीने में 100 से अधिक। गेस्ट्रो संबंधित प्रोसिजर हो चुका है।
- सभी प्रकार की पथरी सर्जरी के लिए विश्वसनीय एवं किफायती संस्थान

## छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम कीगल चेयर द्वारा पेशाब नियंत्रण का कारगर इलाज आरोग्यम में

**पेल्विक फ्लोर के इलाज का एक अत्याधुनिक तरीका**

आजकल महिलाओं और पुरुषों में पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों की कमजोरी एक सामान्य समस्या बन गई है, जिससे इनकंटिनेंस (पेशाब का नियंत्रण न रहना) जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए बहुत से उपचार उपलब्ध हैं, लेकिन कीगल चेयर एक आधुनिक और प्रभावी तरीका साबित हो रहा है। यह एक गैर-इनवेसिव (**non-invasive**) उपचार है, जिसे पेल्विक फ्लोर मसल्स को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है। कीगल चेयर एक उच्च-तकनीकी चिकित्सा उपकरण है, जो पेल्विक फ्लोर मसल्स को सक्रिय करने और मजबूत करने के लिए **HIFEM** (**High-Intensity Focused Electromagnetic**) तकनीक का उपयोग करती है। यह तकनीक शरीर के अंदर गहरी उत्तेजना पैदा करती है, जिससे मांसपेशियों में संकुचन (**contraction**) और रिलेक्सेशन (**relaxation**) होता है, जो उन्हें मजबूत बनाता है। यह एक दर्दरहित और आरामदायक उपचार है, जिसमें कोई सर्जरी या दवाओं का इस्तेमाल नहीं होता। कीगल चेयर के फायदेः पेशाब पर नियंत्रण, तेज और सुविधाजनक उपचार, स्नातकों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए लाभकारी, यह पोस्ट-प्रेग्नेंसी रिकवरी, सेक्सुअल डिस्फंक्शन, और पेल्विक दर्द जैसी समस्याओं में भी मदद कर सकती है।



advt

CGHS | POWER GRID | BSNL | SECR (Railway) | CSPTCL (Electricity Board) | All INSURANCE & TPA | IIT BHILAI | SAIL EMPLOYEE & EX- EMPLOYEE
सभी बीमा कंपनी से कैशलेस एवं आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
BSKY बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना / ओडिशा कार्ड धारकों के लिए

97554 21861 , 0788-2990458
Book Appointment

07883500539
Emergency Number

NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

# सेक्टर 6 बैंक कालोनियों में छाई वीरानी, खाली पड़े एक हजार आवास

## कब्जे और अराजकता की समस्या से मुक्ति के लिए लायसेंसी तर्ज पर अलाट करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

डाक विभाग और बैंकों में मेनपावर कम होने के साथ ही टाउनशिप में विभागीय कालोनियां वीरान हो गई हैं। सेक्टर 6 स्थित खाली पड़े आवासों को बीएसपी की तरह मेंटेनेंस कर लायसेंस पर अलाट किए जाने की मांग की जा रही है। यूनियनों के मुताबिक आवासों के सदुपयोग से बेजा कब्जे के साथ अराजकता की समस्या का भी निदान हो जाएगा। साथ ही राजस्व भी मिलेगा। भिलाई में विभिन्न सरकारी बैंकों और डाक तार व टेलीफोन विभागों में मेन पावर में भारी कमी आई है। पिछले दो दशक के दौरान सभी बैंकों और डाक विभाग में तीन चौथाई कर्मचारी व अधिकारी रिटायर हो चुके हैं। वहीं तार विभाग बंद हो चुका है। इसके चलते सेक्टर 6 स्थित बैंक व पीएंडटी कालोनी सूनसान पड़ी है। तिमंजिला बैंक कालोनियां के पूरी तरह वीरान होने से परिसर व कई आवासों में अराजक माहौल है। आसमाजिक तत्वों का जमघट लगा रहता है। कालोनियों के मेन गेट टूट चुके हैं और आवारा मवेशियों का जमघट जमावड़ा लगा रहता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि खाली आवासों के रखरखाव और कब्जे की समस्या से निजात के लिए इन मकानों को बीएसपी के लायसेंसी आवासों की तर्ज पर बैंकों से चर्चा कर जरुरतमंदों को अलाट किया जा सकता है। दर्जनभर बैंकों की कालोनियों में करीब एक हजार मकान खाली है। सैकड़ों रिटायर हो गए और अनेक ने निजी आवास मे चले गए। यूनियनों द्वारा भी इस तरह का सुझाव दिया गया था।



### डाक तार कालोनी भी वीरान

सेक्टर 6 डाकतार कालोनी में भी वीरानी छाई हुई है। कालोनी के दोमंजिला ब्लाकों में लगभग पांच सौ मकान हैं। कुछ में ही कार्यरत कर्मचारियों का परिवार निवासरत हैं। खाली पड़े कई मकान जर्जर हो रहे है । क्षेत्रवासियों ने बताया कि बीस साल से खाली पड़े मकानों का यदि जल्द ही मेंटेनेंस नहीं किया गया तो खंडहर में बदल जाएंगे। बीस तीस साल पहले यहां सैकड़ों कर्मचारी रहा करते थे और रौनक थी। लेकिन अब बम्लेश्वरी मंदिर में आयोजनों के समय ही चहल पहल दिखाई देती है।

## खबर संक्षेप



### दल्ली माइंस को मिला सुरक्षा उत्कृष्टता पुरुस्कार

**भिलाई।** सेल की दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस, भिलाई इस्पात संयंत्र ने प्लेटिनम श्रेणी में 15वां कलिंगा सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार जीता, जो लौह अयस्क खनन के क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कार है। भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा कॉन्क्लेव में बिपिन कुमार गिरि और मुख्य महाप्रबंधक आरबी गहरवार ने बीएसपी की दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस के लिए यह पुरस्कार प्राप्त किया। ओडिशा के उप मुख्यमंत्री और माननीय कृषि और किसान सशक्तिकरण, ऊर्जा मंत्री ओडिशा कनक वर्धन सिंहदेव ने किंगडम ऑफ लेस्पथो की उच्चायुक्त लेबोहांग वैलेंटाइन मोचाबा की उपस्थिति में यह पुरस्कार प्रदान किया।

### ईएमडी में हुए कार्यक्रम



**भिलाई।** बीएसपी में मनाए जा रहे पर्यावरण जागरूकता माह के अंतर्गत, ऊर्जा प्रबंधन विभाग (ईएमडी) ने पर्यावरण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम के तहत क्विज कार्यक्रम क्वेस्ट-ऑन का आयोजन किया। यह क्विज कार्यक्रम एलएंडडी विभाग और पर्यावरण प्रबंधन विभाग के सहयोग से पर्यावरण और ऊर्जा विषय पर आयोजित किया गया था। इसमें बीएसपी के संकार्य और गैर-संकार्य विभागों से कुल 52 टीमों ने इसमें भाग लिया था। वरिष्ठ प्रबंधक ऐमन अली और प्रबंधक हिमांशु वर्मा ने क्विज कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य महाप्रबंधक आरके श्रीवास्तव और मुख्य महाप्रबंधक पीवीवीएस मूर्ति व महाप्रबंधक संजय, सी चंद्रशेखर और अजय गजघाटे शामिल थे। इसके अलावा ईएमडी के एसएमएस- 3, एलडी गैस होल्डर के परिसर में भी पौधारोपण मुख्य अतिथि सीजीएम प्रभारी तुषार कांत की उपस्थिति में हुआ।

## वित्त विभाग में धूल खा रही उन्नीस सेवानिवृत्तों की फाइल

# मेडिक्लेम में लेटलतीफी का खामियाजा भुगत रहे रिटायर एफएसएनएल कर्मचारी, इलाज के लिए लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

फेरोस्क्रैप निगम लिमिटेड ( एफएसएनएल) भिलाई के रिटायर कर्मचारियों पर प्रबंधन की सुस्ती भारी पड़ रही है। वित्त विभाग के जिम्मेदारों के लेटलतीफी और मनमानी के चलते अब तक मेडिक्लेम कार्ड जारी नहीं किए जाने से जीवनभर कंपनी में पसीना बहाने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्त होते ही इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। यूनियन ने प्रबंधन से रिटायर कर्मियों को मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि एफएसएनल से दो माह पूर्व 16 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए थे। लेकिन इन्हें अब तक कंपनी द्वारा मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। इसके चलते इलाज के लिए परेशान होना पड़ रहा है। फेरो इस्पात श्रमिक संघ के मुताबिक नियमानुसार प्रति कर्मचारी 4 लाख व पति, पत्नी को 8 लाख राशि की मेडिक्लेम सुविधा कार्ड जारी होने पर मिलती है। इसके तहत कर्मचारी या पत्नी के अस्वस्थ होने पर संबंधित अस्पताल में मेडिक्लेम से इलाज होता है। रिटायर होने के दूसरे दिन से मेडिक्लेम सुविधा का लाभ मिलना शुरु हो जातै है। लेकिन सभी रिटायर 19 कर्मचारियों को मेडिक्लेम कार्ड बनाने की फाइल अब तक फायनेंस विभाग में धूल खाते पड़ी है। रिटायर कर्मचारी इसके लिए वित्त विभाग के एजीएम के चक्कर लगा रहे हैं। विभाग प्रमुख द्वारा कभी पर्सनल में जाओ तो कभी दस्तखत नही होने की बात कहकर घुमाया जा रहा है।

**खास बातें**

- कई रिटायर्ड हार्ट व शुगर के मरीज
- फेरो इस्पात श्रमिक संघ ने प्रबंधन से जल्द सुविधा की मांग



### वित्त विभाग में लेटलतीफी

एफएसएनएल में रिटायर हुए 19 कर्मियों को मेडिक्लेम फाइल में लेटलतीफी से सेवानिवृत्तों को स्वास्थ्य को लेकर भारी परेशानी हो रही है । अपने इलाज के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। किसी को हार्ट तो किसी को शुगर या अन्य बीमारियां हैं। रिटायर कर्मी सुनित सिंह हार्ट के मरीज है और इलाज है और दवाई खरीद कर खानी पड़ती है। इसी तरह कई कर्मी भी बीमारियों से पीड़ित हैं। मेडिक्लेम कार्ड नहीं बनने से उन्हें निजी अस्पतालों में इलाज कराने मजबूर होना पड़ रहा है।यूनियन प्रबंधन से जल्द मेडिक्लेम कार्ड की प्रक्रिया पूर्ण कर सेवानिवृत्तों को राहत प्रदान किए जाने की मांग की है।

**मेडिक्लेम में देरी से इलाज से वंचित**

“ एफएसएनएल के रिटायर कर्मचारियों को कंपनी द्वारा मेडिक्लेम कार्ड अब तक जारी नहीं किए जाने से इलाज के लिए भारी दिक्कत हो रही है। उन्नीस सेवानिवृत्त कर्मियों के मेडिक्लेम की फाइल दो महीने से वित्त विभाग में पड़ी है। जबकि रिटायर को दूसरे दिन से कर्मियों को मेडिक्लेम सुविधा मिलने का नियम है। यूनियन द्वारा जल्द मेडिक्लेम कार्ड बनाए जाने की मांग की गई है। - **सुनित सिंह,** वरिष्ठ उपाध्यक्ष फेरो इस्पात श्रमिक संघ

### जूते व ड्रेस भी सालभर बाद दे रहे

एफएसएनएल में रिटायर कर्मियों की मेडिक्लेम सुविधा शुरु होने होने के साथ कई कर्मियों को जूते और ड्रेस आदि भी सालभर विलंब से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कर्मियों के मुताबिक नियम के मुताबिक कंपनी द्वारा शू और ड्रेस जनवरी महीने में दिया जाना है, लेकिन दिसंबर महीने में वितरित किए जा रहे हैं। जो कर्मचारी अक्टूबर में रिटायर हो रहे हैं, उन्हें जूते व ड्रेस से वंचित होना पड़ रहा है। यूनियन ने इसकी शिकायत विभाग से की है।

# ग्रीन बिल्डिंग तकनीक से भवनों में ऊर्जा दक्षता जरुरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया । अतिथि वक्ता राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के प्राध्यापक डां. देबाशीष सान्याल और भिलाई इस्पात संयंत्र की महाप्रबंधक बोन्या मुखर्जी थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे थे।

- द इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियर्स का आयोजनऊर्जा संरक्षण दिवस

श्री सान्याल ने हरित आवास एवं आवासीय क्षेत्र में सतत जीवन के लिए ऊर्जा दक्षता विषय पर प्रस्तुतिकरण में कहा कि उद्योग जगत और आवासीय क्षेत्र विश्व की ऊर्जा खपत के दो प्रमुख क्षेत्र हैं। इसलिए आवासीय क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता महत्वपूर्ण कारक है। ग्रीन बिल्डिंग तकनीक के माध्यम से आवासीय भवनों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने के उपायों पर ध्यान जरुरी है । श्री सान्याल ने वर्तमान में प्रचलित भवन निर्माण पद्धति और निर्माण सामग्री के उत्पादन से उत्सर्जित कार्बन और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहे दबाव के बारे में जानकारी दी। श्रीमती मुखर्जी ने कहा कि कहा कि अग्नि के माध्यम से प्रारंभिक मनुष्यो ने पका हुआ भोजन बनाया जो आसानी से पच सकता था, औजार बनाए, हथियार बनाए जो उस काल में उनकी प्रगति और सुरक्षा के लिए आवश्यक थे। श्रीमती मुखर्जी ने मानव सभ्यता के विकास यात्रा के प्रारंभ में कोयले की खोज और उसके द्वारा बेहतर औजार का निर्माण और अठारहवीं शताब्दी में औद्योगिकरण के शुरुआत तक क्रमवार प्रगति की जानकारी साझा की।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के 570 कार्मिकों व अधिकारियों को मिलेगा नेहरू अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नेहरू अवार्ड से 23 दिसम्बर को संयंत्र के कुल 570 कर्मचारियों को नेहरु सांस्कृतिक सदन सेक्टर- 1 में शाम 5 बजे सम्मानित किया जायेगा। इसके अंतर्गत अधिकारियों और कार्मिकों को क्रमशः जवाहर पुरस्कार, नेहरू पुरस्कार और कार्मिकों व अधिकारियों को सामूहिक रूप से जवाहरलाल नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया जाता है। इस समारोह के उच्च प्रबंधन के अधिकारीगण, संयंत्र के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जवाहर पुरस्कार के तहत 33 अधिकारियों, नेहरू पुरस्कार के तहत 65 कार्मिकों को और जवाहरलाल नेहरू समूह पुरस्कार के तहत कुल 62 समूहों में 472 कर्मचारियों को उनके सम्मानित किया जाएगा। इस प्रकार कुल 570 कर्मचारियों को नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

- कल नेहरु सांस्कृतिक सदन में पुरस्कार वितरण समारोह

### तीन श्रेणियों में पुरस्कार

यह पुरस्कार 3 श्रेणियों में प्रदान किया जाता है। जवाहर अवार्ड की श्रेणी में अधिकारियों को उनके व्यक्तिगत योगदान के लिए 8,000 रुपये और प्रशस्ति पत्र। नेहरू अवार्ड की श्रेणी में कार्मिकों को उनके व्यक्तिगत योगदान के लिए 6,000 रुपये और प्रशस्ति पत्र तथा जवाहरलाल नेहरू समूह पुरस्कार की श्रेणी में कर्मचारियों और अधिकारियों की टीम को उनके सामूहिक योगदान के लिए 2,000 रुपये प्रति सदस्य और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

**DRAFT OF PUBLIC NOTICE IN NEWSPAPER**

It is hereby, informed to the general public that, I, **Nishat Parween, W/o Late Syed Akil Ahmed,** R/o Chouhan Green Valley, Smriti Nagar, Bhilai- 490020, Dist- Durg, C.G. have lost the personal **Allotment Letter No. 30468 dated 30-08-2014** and Original Receipts Nos. which are as following i) **1200151013** ii) **14382014** iii) **1200145519** dated i) **24-12-2014** ii) **28-08-2014** iii) **30-10-2014** amount of i) **Rs. 6,12,220/-** ii) **Rs. 2,00,000/-** iii) **Rs. 4,18,214/-** issued by Jaiprakash Associates Limited in respect of **Unit Bearing No. BC0B010301 in Boulevard Court Apartment Tower B01 Project,** situated at **JAYPEE GREENS Sports City East, Gautam Budh Nagar** on dated **19-12-2024.** Anyone finding the said document is requested to kindly return the same to me or to the company.

**Nishat Parween,**
Address- Chouhan Green Valley, Smriti Nagar, Bhilai-490020, Dist- Durg, C.G.
Contact No.- 9179043125,
Email id- saahmed1967@gmail.com




**Health Town**

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

**डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव**
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 22 दिसंबर 2024


तापमान
अधिकतम 28.7 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री


16 स्वयं सेवक संघ ने 369 थालियां, थैला और 44 हजार 649 रुपए का किया सहयोग



17 गृहमंत्री के खिलाफ एससी एसटी समाज का प्रदर्शन










**खबर संक्षेप**

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि रात में पेट्रोलिंग और संदिग्धों की चेकिंग अभियान के तहत स्कुटी सीजी-07 सी.ई 3363 को रोका गया। चेक करने पर स्कुटी में पीले रंग की बोरी में 300 पौव्वा देशी प्लेन शराब मिला। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम अर्जुन नगर रीता देवी का किराये का मकान वैशाली नगर निवासी हेमंत साहू बताया है। युवक ने शराब को बेचने के लिए रखना स्वीकार किया। आरोपी शराब कीमत 27 हजार, नगदी 4000 व स्कुटी 60 हजार रुपए की आंकी गई है। आरोपी से एक मोबाइल भी जब्त किया गया है।

### पंप में एयरगन व चाकू की नोक पर लूटपाट

**भिलाई।** पेट्रोल पंप में एयर गन और चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309 (6 ) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम मेडेसरा में स्थित बोथरा पेट्रोल पंप में शुक्रवार की देर रात चार नकाबपोश युवकों ने लूटपाट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। कैशियर ने पुलिस को बताया कि गोपाल साहू पंप के ड्यूटी पर था। एक्टिवा व बाइक में चार युवक रात 1 बजे पहुंचे थे। आफिस में युवकों ने आवाज लगाई तो कैशियर और कर्मी गोपाल तुरंत बाहर निकल कर आए। युवकों ने इमरजेंसी का झांसा देकर वाहन में पेट्रोल डालने को कहा। पेट्रोल पंप बंद होने की बात पर युवकों ने गाली गलौज करना शुरु कर दिया। जिसमें से एक युवक चड्डा पहना हुआ था। गमछा से मुंह ढका था। दूसरा दुबला पतला छोटा कद का मंकी टोपी पहन रखी थी। युवकों ने पेट्रोल नहीं देने के एवज में रुपए का डिमांड पेट्रोल पंप कर्मियों से कहने लगे। जिसका विरोध करने पर कर्मियों के साथ मारपीट करने लगे। युवकों ने अपने पास रखे एयर गन चाकू टिकाकर पंप का कैश 28 हजार कर्मी छत्रपाल, गोपाल का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। वारदात का सारा वीडियों कैमरे में कैद हो गया है।

## दुर्ग जिले में 916 स्कूलों से 27 हजार 12 विद्यार्थी होंगे शामिल

# 14 साल बाद फिर से पांचवी-आठवीं बोर्ड पेटर्न परीक्षा, जिला स्तर पर तैयार होंगे पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

14 साल बाद पांचवी-आठवीं की परीक्षा बोर्ड पेटर्न पर होगी। इस परीक्षा में दुर्ग जिले के 916 स्कूलों से 27 हजार 12 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के प्रश्न पेपर जिला स्तर पर तैयार किए जाएंगे। खास बात यह है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार को एक अप्रैल 2010 को लागू किए जाने के बाद बोर्ड परीक्षा समाप्त कर दी गई थी। इसलिए कि बच्चे को अनुतीर्ण नहीं करना है। इससे बच्चों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी और बेहद कमजोर बच्चों को भी उत्तीर्ण करना पड़ता। अब नई व्यवस्था में बच्चा यदि अनुतीर्ण होता है जो उसे दो महीने के भीतर फिर से परीक्षा का अवसर दिया जाएगा। जिला शिक्षा विभाग परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है।



### जिला स्तर पर तैयार होंगे पेपर

पांचवी व आठवीं बोर्ड परीक्षा के पेपर जिला शिक्षा विभाग स्वयं तैयार करेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस परीक्षा के लिए टीम बनाई है जो बोर्ड पेटर्न पर प्रश्न पत्र तैयार करेगा। सभी स्कूलों को कोर्स पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि बच्चों को प्रश्न पेपर हल करने में कोई दिक्कत न हो। जब तक छात्र परीक्षा पास नहीं कर लेता उसे स्कूल निष्कासित नहीं कर सकता।

### परीक्षा केंद्र होंगे स्कूल

पांचवी व आठवी बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र वहीं होंगे जहां बच्चे वर्तमान में पढ़ रहे हैं। जिन स्कूलों में 10-15 बच्चे हैं जो आसपास के स्कूलों में समायोजित कर एक परीक्षा केंद्र बनाएंगे। निजी स्कूलों में भी यही व्यवस्था लागू की जाएगी। निजी स्कूलों में केंद्राध्यक्ष सरकारी स्कूल के प्रधानपाठकों को बनाया जाना है।

### थाने में ही रखे जाएंगे पेपर

परीक्षा के पूर्व प्रश्न पेपर केंद्राध्यक्षों को सौंपे जाएंगे। केंद्राध्यक्ष पेपर लेकर अपने समीपस्थ थाने में रखेंगे। जिस दिन परीक्षा होगी उस दिन उस विषय के पेपर थाने से केंद्र में लाएंगे और दो विद्यार्थी, टीचर की उपस्थिति में सीलबंद पैकेट खोले जाएंगे। उसके बाद प्रश्न पत्र वितरण के लिए कक्ष में भेजे जाएंगे।

| | |
|---|---|
| प्राइमरी स्कूल-582- | परीक्षार्थी पाचवीं- 13073 |
| मिडिल स्कूल-334 | परीक्षार्थी-आठवी- 14639 |
| कुल 916 - | 27012 |

### उत्तरपुस्तिकाओं का होगा केंद्रीय मूल्यांकन

पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का केंद्रीय मूल्यांकन होगा। मूल्यांकन केंद्राधिकारी अपने संकुल व निकट के संकुल के शिक्षकों से मूल्यांकन कार्य संपन्न कराएंगे। उत्तरपुस्तिकाओं की जांच पाचवी व आठवीं पढ़ाने वाले शिक्षकों से ही करवाया जाएगा। कक्षा चौथी व सातवी की वार्षिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन अन्य स्कूलों में होना है।

### प्रश्नपत्र के नमूने से होगी तैयारी

बोर्ड पेटर्न पर परीक्षाएं आयोजित करना है इसलिए इतने सालों बाद बच्चों को दिक्कतें आ सकती है। मौजूदाहालात को देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ने प्रश्नपत्र के नमूने भी स्कूलों को भेजेंगे। इस नमूने के आधार पर बच्चों से परीक्षा की तैयारी करवाई जाएगी। पेपर कैसे हल करना है। कितने - कितने अंक हल करने से मिलेंगे। कितने शब्दों में पूछे गए सवालों को हल करना है, जैसे तकनीकी जानकारी भी शिक्षक बच्चों को देंगे।

### फेल होने पर पूरक परीक्षा

लोक शिक्षण संचालनालय ने निर्देश दिए हैं कि पाचवीं व आठवीं में किसी विषय में अनुतीर्ण होने की स्थिति में विद्यार्थी की पूरक परीक्षा ली जाए। विद्यार्थी को उस कक्षा में रोका नहीं जाएगा बल्कि अगली कक्षा अर्थात छठवीं व नवमी में कक्षोन्नत किया जाएगा।

अरविंद मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

विधायक समर्थकों को तवज्जों

# कोहका मंडल छोड़ शेष 12 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई जिला भाजपा और दुर्ग जिला भाजपा मंडलों में अध्यक्षों की नियुक्ति का खुलासा शनिवार को कर दिया गया। बंद लिफाफे में अध्यक्षों के नाम प्रदेश संगठन से प्राप्त हुए थे। जिसे मंडलों में जाकर खोला गया और अध्यक्ष की घोषणा की गई। भिलाई -दुर्ग के मंडलों में विधानसभा क्षेत्रवार विधायकों को महत्व दिया गया है। मंडल अध्यक्षों के चयन में सांसद विजय बघेल के समर्थकों को तवज्जों दिया गया है। दुर्ग में विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण में विधायक ललित चंद्राकर, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई विधानसभा क्षेत्र में प्रेमप्रकाश पांडेय के समर्थकों को मंडल अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर दिया गया है। अहिवारा क्षेत्र में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा समर्थक इस पर पर चुने गए हैं।

### भिलाई में 13 मंडल में से एक पर रोक

भिलाई जिला भाजपा के अंतर्गत 13 मंडल हैं। इनमें से 12 मंडलों में अध्यक्ष पद की नियुक्ति कर दी गई है। कोहका मंडल को रोक दिया गया है।

### चरोदा मंडल में गौरीशंकर

भाजयुमो चरोदा मंडल के पूर्व अध्यक्ष तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता ए गौरी शंकर को भाजपा चरोदा मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं चरोदा से अलग होकर नया मंडल बना भिलाई तीन की कमान भाजयुमो नेता वरुण यादव को सौंपी गई है। वरुण यादव भिलाई तीन भाजपा मंडल के प्रथम अध्यक्ष होंगे। भिलाई तीन को चरोदा से अलग किया गया। भिलाई चरोदा निगम के हिसाब से देखे तो भिलाई तीन मंडल में 22 तथा चरोदा मंडल में 18 वार्ड शामिल किए गए हैं। इसके अलावा कुम्हारी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, खुर्सीपार मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित साहू, पश्चिम मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी को बनाया गया है। इस मौके पर भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, प्रभारी रेखराम बंछोर, सांसद प्रतिनिधि, प्रमोद सिंह, भिलाई जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटि कौशिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### वैशालीनगर में शशि अध्यक्ष

वैशालीनगर मंडल अध्यक्ष शशि भगत को बनाया गया है। कैंप मंडल अध्यक्ष तरूण सिन्हा को बनाया गया है। रिसाली मंडल का अध्यक्ष अनुपम साहू को और मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल को बनाया गया है। सुपेला मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दीपक भोडेंकर को दी गई है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने मंडल अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी।

### जिलाध्यक्ष की दौड़ भी अब शुरू

मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ ही अब भिलाई भाजपा जिलाध्यक्ष की दौड़ भी शुरू होने वाली है। वर्तमान में संगठन ने भिलाई जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी महेश वर्मा को दी है। वर्मा भिलाई निगम में पार्षद भी है। वर्मा का कार्यकाल भी पूरा नहीं हुआ है और उनका स्थानीय सभी नेताओं से बेहतर तालमेल रहा है। इसलिए माना जा रहा है कि वर्मा को फिर से प्रदेश संगठन कमान सौंप सकता है। वैसे जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों में पुरूषोत्तम देवांगन व पीयूष मिश्रा भी गिने जा रहे हैं।

-जामुल पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

# सेवानिवृत्त कर्मी के मकान से 12 तोला सोना समेत जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होने मकान में ताला जड़कर बिजली कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मी परिवार के साथ गए थे। दो घंटे बाद अपने मकान में लौटे तो सारा सामान गायब मिला। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 331 (4), 305 (क) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम खेदामारा गुलाब नगर निवासी भरत लाल गेण्ड्रे बिजली कंपनी से सेवानिवृत्त कर्मी है। 18 दिसंबर को घासीदास जयंती पर परिवार समेत मकान में ताला जड़कर घर से एक किमी दूर बाबा के मंदिर गये थे। रात 8 बजे मकान में बेटा मनीष गेंड्रे घर पहुंचा और मेनगेट का ताला खोला लेकिन गेट भीतर से बंद था। उसका भतीजा अनिकेत दीवार फांदकर भीतर जाकर देखा तो मेनगेट की सिटकनी भीतर से बंद थी। चैनल गेट में लगा ताला भी टूटा हुआ था। मनीष और अनिकेत भीतर जाकर देखे तो बैडरूम का दरवाजा खुला पड़ा था। आलमारी के लॉकर से सोना चांदी के जेवरात गायब मिले। मकान से रानी हार,सोने का सिक्क, चैन, सोने का रिंग, सोने का टाप्स, चांदी का कमर बंद, चांदी का पायल,गायब मिला। बताया जा रहा है कि उक्त जेवरात 12 तोल सोना और 800 ग्राम चांदी था। जिसे चोर ने पार कर दिया।



- गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में परिवार गया था

# मप्र सिकली सरदार गिरोह से 8.70 लाख के जेवरात जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सात माह पूर्व हुए मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को एमपी से गिरफ्तार किया है। आरोपी ताला चाबी बनाने का झांसा देकर मकानों में चोरी किया करते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि माह अगस्त सिंधी कालोनी दुर्ग निवासी सविता तलरेजा ने थाना मोहन नगर पुलिस थाने में शिकायत किया। 27 जुलाई को मकान में दो सरदार आलमारी का चाबी बनाने पहुंचे थे। चाबी बनाने के दौरान पीड़िता को बातों में उलझाकर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवराते को चोरी कर फरार हो गये थे। पंजीबद्ध कर



विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक, एसीसीयू प्रभारी तापेश्वर नेताम और मोहन नगर पुलिस की टीम जुटी रही। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगालने पर फुटेज में दो सरदार दिखाई दे रहे थे। फुटेज की मदद से दोनों सरदारों का जानकारी पुलिस जुटाने लगी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने राष्ट्रीय समन्वय वाट्सएप ग्रुप में फुटेज को सोशल मीडिया में वायरल किया गया। आरोपियों की पहचान धार इंदौर एमपी निवासी सिकली सरदार राजू सिंह और निशांत सिंह के रुप में हुई। पुलिस की टीम इंदौर के लिए रवाना हुई। आरोपयों की तलाश में पुलिस लोकेशन की तलाश करने पर बड़ोदरा में होना पता चला। टीम बड़ोदरा के लिये रवाना किया गया। इस दौरान ट्रेनी आईपीएस चिराग जैन, मोहन नगर प्रभारी पारस ठाकुर भी मौजूद थे।

### होटल के कमरे में मिले दोनों

एएसपी ने बताया कि वहां से भी दोनों आरोपी फरार हो गए। आरोपियों ने मोबाईल नंबर व परिवार के सदस्यों का नंबर बदल दिया। दोबारा आरोपियों की लगातार पुलिस खोजबीन करना शुरु किया। आरोपियों का जावरा (एमपी) में होने की खबर मिली। दबिश देकर पुलिस ने जावरा ओम लॉज एमपी से घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मकान के आलमारी में रखे जेवरातों और नगदी रकम को चोरी करना स्वीकार किया।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


मोहननगर थाना क्षेत्र की घटना

# महिला से मारपीटकर एसडीओपी ने बनाया अवैध संबंध, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महिला के साथ मारपीट कर एसडीओपी ने जबरन संबंध बनाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने एसडीओपी के खिलाफ धारा 115 (2) 351 (2) 64 के तहत जुर्म दर्ज मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

पुलिस ने बताया कि एसडीओपी तोमेश कुमार का पीड़ित महिला के घर आना-जाना था। 2020 में तोमेश को प्लाट खरीदी-ब्रिक्री करनी थी। इस दौरान महिला के घर में परिवार समेत रूका हुआ था। तब तोमेश महिला पर गलत नियत रखा हुआ था। इसके चार माह बाद 31 अगस्त को महिला का पति काम से गांव गया हुआ था। उसका बेटा ट्यूशन जाने के बाद शाम 7:30 बजे एसडीओपी तोमेश महिला के घर पहुंचा। महिला के मकान में प्रवेश करते हुए एसडीओपी ने धमकी देकर मारपीट करते हुए जबरन उसके साथ संबंध बनाया। पीड़ित परिवार लोक लाज की डर से घटना की शिकायत करने थाने नहीं पहुंच रहे थे। किसी तरह महिला ने हिम्मत जुटाकर पुलिस के पास पहुंची। उसके बाद एसडीओपी की शिकायत किया है। मामले को लेकर मोहन नगर पुलिस जांच में जुट गई है। पीड़ित महिला का पति चिकित्सक है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

- चार माह बाद शिकायत दर्ज करने महिला पहुंची
- मोहन नगर पुलिस कर रही है जांच

### पं. बाजपेई की किताब का विमोचन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कान्यकुब्ज समाजिक चेतना मंच के सेक्टर -1 भिलाई स्थित परिसर में आज पारिवारिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस दौरान कान्यकुब्ज समाजिक चेतना मंच, भिलाई के संरक्षक सदस्य और भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कार्यपालक निदेशक पंडित बृजमोहन कुमार बाजपेई द्वारा लिखित इस्पाती जीवन के रोमांचक अनुभव मेरी आत्मकथा पुस्तिका का विमोचन दोपहर 12 बजे अतिथियों की उपस्थिति मे किया जायेगा। इस आयोजन में कान्यकुब्ज समाज के वरिष्ठ जनों को कौस्तुभ सम्मान से सम्मानित भी किया जायेगा। सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं ने समाज के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है।







हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 22 दिसंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

15



सब जूनियर नेशनल कराते...

## लाइव इवेंट

### बीएसएफ रक्षक ट्रॉफी का सेमीफाइनल आज, महिलाओं की भी होगी क्रिकेट स्पर्धा



**भिलाई।** बीएसएफ रक्षक ट्रॉफी-2024 का आयोजन बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल 22 दिसंबर को खेला जाएगा। इसके बाद महिलाओं के लिए 6-6 ओवर की क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। आयोजन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। दो पूल में खेले गए मैचों के आधार पर मॉर्निंग क्लब, आशीष इंटरप्राइजेज, सीए, सीआई की टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है। पहला सेमीफाइनल मॉर्निंग क्लब और आशीष इंटरप्राइजेज, दूसरा सेमीफाइनल सीए और सीआई की टीमों के मध्य खेला जाएगा। इसके बाद विजेता टीमों के मध्य फाइनल मुकाबला होगा। दो पूल में हुए इसी प्रतियोगिता के पूल-ए में डीडीवीसीए, बीएसएफ, सीआई एसएफ एवं मॉर्निंग क्लब, पूल-बी में सीए, आशीष इंजीनियरिंग एवं कंसलटेंसी, डीजीवीसीए एवं बीएसपी की टीमें थी। पहले दिन डीडीवीसीए और बीएसएफ के मध्य हुए मैच में डीडीवीसीए 10 रन से मैच जीता। दूसरा मैच बीएसपी और डीजीवीसीए के बीच खेला गया। बीएसपी ने 29 रनों से मैच जीता। तीसरा मैच मॉर्निंग क्लब और सीआईएफ के बीच मैच हुआ, जिसमें मॉर्निंग क्लब ने 16 रन से जीत हासिल की। चौथा मैच सीए और अशीष इंटरप्राइजेज के बीच खेला गया। मैच सीए की टीम ने 74 रन से जीता। प्रतियोगिता का उद्घाटन बीएस पंकटे डीआईजी बीएसएफ ने किया। इस अवसर पर बृजमोहन उपाध्याय, आरके सिंह, मनीष सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

■ बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में खेली जा रही है प्रतियोगिता

## सिटी इवेंट

### गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने देखी विधानसभा की कार्रवाई, मंत्री और विधायकों से की मुलाकात



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विधानसभा की कार्यवाही देखी। प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीसी अग्रवाल के निर्देशन में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के रजत जयंती पर्व पर विधायकों द्वारा प्रश्नकाल की गतिविधियों का अवलोकन किया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिकित्सा के क्षेत्र से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए। छत्तीसगढ़ की चिकित्सीय समस्याओं से संबंधित जानकारी प्रदान की। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से परिवहन से संबंधित अनेक समस्याओं से संबंधित प्रश्न पूछे जिनका उपमुख्यमंत्री ने संतोषजनक जवाब दिया। इसके बाद छात्राओं को विधानसभा की पुस्तकालय एवं स्मृतियों से जुड़े संग्रहालय का अवलोकन किया। दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव से छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही से प्रेरित होकर, आप सब भी देश सेवा, समाज सेवा एवं छत्तीसगढ़ राज्य के उत्थान के लिए कार्य करे अपने माता-पिता, संस्था एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता पद्मश्री व धरसीवा विधायक अनूज शर्मा से भी छात्राओं ने मुलाकात की। हेमन्त यदु, संतोष सोनी ने विधानसभा की समस्त कार्यवाही में विशेष योगदान दिया। विधानसभा की कार्यवाही के पश्चात पुरखौती मुक्तांगन का भ्रमण किया गया। जिसमें छात्रायें छत्तीसगढ़ अंचल की कला एवं संस्कृति से परिचित हुए।

### धनोरा कॉलेज में मेथमेटिक्स डे पर पोस्टर स्पर्धा, सोमिका ने मारी बाजी

**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय धनोरा शनिवार को मैथेमेटिक्स डे मनाया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएच भुवाल व्याख्याता गणित एवं जिला स्तरीय परीक्षक शासकीय स्कूल नारधा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य विकास पंचाक्षरी ने की। पंचाक्षरी ने गणित विषय के महत्व पर प्रकाश डाला। भुवाल ने गणित की महत्ता के साथ उसके इतिहास पर ध्यान केन्द्रित कराया। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी उपयोग का प्रत्येक सामान गणित पर आधारित है। सभी को गणित की पुस्तकें एवं उसके इतिहास को पढ़ना चाहिए। मैथेमेटिक्स डे के अवसर पर बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र अद्वितीय एवं अमर द्वारा पीपीटी प्रजेन्टेशन दिया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में सोमिका यदु, यश्विन साहू, अनील कुमार देशमुख क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। क्विज में योगिता, आदित्य गेण्ड्रे, पारस देवांगन क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। सोमिका यदु एवं टीकेश्वरी साहू ने रामानुजन की जीवनी पर प्रकाश डाला। पुष्पराज सोनी और समूह ने जीवनी पर उद्देश्यात्मक नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन अद्वितीय निरंकारी ने किया। रेशमा वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कल्पना पाण्डेय शुक्ला, डॉ. स्वाति तिवारी, विश्वनाथ ताम्रकार, श्वेता साव, अथिति सिंह, रितिका अवस्थी, विद्या वर्मा उपस्थित थे।

● लाठी स्पोर्ट्स आर्गेनाइजेशन ने पहली बार आयोजित की राज्य स्तरीय लाठी चैम्पियनशिप

# छोटे बच्चों ने भांजी लाठियां, कलाबाजियों के साथ द्वंद में कौशल का किया प्रदर्शन, 13 जिले के 250 खिलाड़ियों ने लिया भाग

लाठी स्पोर्ट्स आर्गेनाइजेशन द्वारा प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय लाठी चैम्पियनशिप का आयोजन भिलाई में किया गया। शनिवार की सुबह 10 बजे इस अनोखी प्रतियोगिता का आगाज हुआ। रात 8 बजे तक चली इस चैम्पियनशिप में 13 जिलों के 250 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। 4 वर्ष से 18 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शिरकत की। प्रतियोगिता के दौरान छोटे बच्चों ने लाठियां भांजी, द्वंद के दौरान आकर्षक कलाबाजियां दिखाई। जिले में अपने तरह की यह पहली प्रतियोगिता थी, जिसे खासी सराहना मिली।




**भिलाई।** प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में संरक्षक डॉ. मानसी गुलाटी मौजूद थीं। उनके अलावा एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, महासचिव संदीप ताम्रकार, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने उपस्थित दर्ज कराई। अलग-अलग कैटेगरी में प्रतियोगिता आयोजित की गई। होंगे। मीडिया प्रभारी आरके मुखर्जी ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने पहले से पंजीयन कराया। जुनवानी स्थित अजंता पैलेस में यह पूरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। दुर्ग के अलावा छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों और शहरों से प्रतिभागी शामिल रहे। अपने प्रदर्शन के आधार पर 6 वर्ष की स्तुति शाह रायपुर ने प्रथम स्थान पर रही। सानवी शाह ने दूसरा और नूरवी सूरज काबरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 7 वर्ष की कैटेगरी में सोनाक्षी स्वेन प्रथम, आदित्री सिंह द्वितीय रहीं। 9 वर्ष में किया परमार प्रथम, अन्वेशा धीवर द्वितीय, 10 वर्ष में नायशा कोहली प्रथम, शानवी गुप्ता द्वितीय, सौम्या ताम्रकार, दुर्गा तृतीय रहीं। अन्य प्रतिभागियों ने भी विभिन्न श्रेणियां में पदक प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अरविंद सिंह खुराना ने किया। पूरे दिन चली इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पसीना बहाया। 16 वर्षीय बालक ने लाठी की कलाबाजिया दिखाकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को मन जीत लिया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिता का और भी बड़े स्तर पर आयोजन किया जाएगा।

### यह हमारी पारंपरिक धरोहर, इसे आगे बढ़ाने की जरुरत

मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डॉ. गुलाटी ने कहा कि यह हमारी पारंपरिक धरोहर है। इसे सहेजने और आगे बढ़ाने की जरुरत है। संस्था के सदस्यों ने एक प्रयास शुरू किया है, जो कि काफी सराहनीय है। उम्मीद है कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन होंगे। इस अवसर पर संस्था के महासचिव संबाजी एच चवान, अंजना राजवीर सिंह, नीरव ध्रुव, जमाल अहमद, विनय यादव, नागेंद्र सिन्हा, डॉ. दीप्ति कोठारी, संध्या साव, उमा महेश्वर राव, राजकुमार महिलांग सहित अन्य मौजूद थे।







# विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने पवन चक्की और जल संरक्षण के मॉडल बनाकर दिया संदेश

**भिलाई।** ज्योति हायर सेकंडरी स्कूल सीजी और सीबीएसई की कक्षा पहली से लेकर कक्षा बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया। विज्ञान विषय से संबंधित सभी क्षेत्र से प्रदर्शनी प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रुचिपूर्ण बनाया, जिसमें पवन चक्की, जल संरक्षण, जल संग्रहण, अंतरिक्ष विज्ञान, खेती किसानी में विज्ञान का प्रयोग, सौर ऊर्जा संरक्षण, यातायात कानून, सौर मंडल, संचार सेवाएं, कंप्यूटर साइंस आदि विषयों पर विशेष नमूना तैयार किया गया, जो बहुत ही आकर्षक रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेंट थॉमस कॉलेज के प्रचार्य डॉ.एमजी रॉयमन उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं के मेहनत को सराहा। यह कार्यक्रम ज्योति स्कूल सीबीएससी की प्रचार्या सिस्टर जिन्नी मैरी तथा सीजी स्कूल की प्रचार्या सिस्टर अंजना मैरी की अध्यक्षता में हुआ।






# प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, फैंसी ड्रेस जैसी स्पर्धाओं का आयोजन, मिला सम्मान

**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, फैंसी ड्रेस, रंगोली, पोस्ट कार्ड, लेखन, मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूरे होने पर यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में शाला के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विजेताओं को शाला की तरफ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य बिपिन देशमुख, उप प्राचार्य विजयन बी, प्रधान पाठिका शोभानायर, शीजा जॉन, चरनीत कौर संधू सहित अन्य मौजूद थे। शाला प्रबंधन ने बताया कि लगातार इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं, ताकि बच्चों का सर्वांगिण विकास हो। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।






## ऋषभदेव परिसर शिवपारा में गुरु आनंद स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, आज समापन

# सोशल मीडिया के बढ़ते दुष्प्रभाव से बचाव के दिए टिप्स, बताया वर्तमान परिवेश में यह युवाओं के लिए खतरनाक

कार्नर न्यूज



**दुर्ग।** ऋषभदेव परिसर शिवपारा में गुरु आनंद स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को प्रशिक्षण शिविर का चौथा दिन रहा। शिविर में धार्मिक, सांस्कृतिक गतिविधियां जैन संतों उप प्रवर्तक डॉ. सतीश, साध्वी विजय श्री, प्रियदर्शना श्री, डॉ. सुमंगल प्रभा सहित अन्य के सानिद्धय में जारी है। उनके अलावा अनके साधु-साध्वी इस समय ऋषभदेव प्रांगण में हैं। उनके द्वारा देश के अलग-अलग शहरों से आए 300 से ज्यादा साधकों को जैन धर्म की शिक्षा प्रदान की जा रही है। शनिवार को भीलवाड़ा राजस्थान से जैन समाज के मोटिवेशनल स्पीकर सीए ध्रुव गोखरू का रात्रि 8 बजे नगर आगम हुआ। उन्होंने सोशल मीडिया का हमारे जीवन में तेजी फेलता दुष्प्रभाव और उसके बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूलने की प्रवृत्ति इस मोबाइल की वजह से ज्यादा विकसित हो रही है। उन्होंने युवाओं में इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव बताया।

### पांच अलग-अलग खंडों में स्वाध्याय शिविर



पांच अलग-अलग खंडं में स्वास्थ्याय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीए गोखरू ने 150 से अधिक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उद्बोधन दिया है, जिसे लोग बेहद पसंद करते हैं। बड़े हर्ष और उल्लास का वातावरण इस आयोजन को लेकर दुर्ग शहर पर बन रहा है। इधर संतों के सानिध्य में नियमित रूप से धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है। धर्म ज्ञान संस्कार के बीजारोपण संतों द्वारा दिया जा रहा है। आने वाले दिनों में प्रशिक्षित साधक देश के विभिन्न शहरों में जहां साधु-साध्वी चातुर्मास के दौरान नहीं पहुंच पाते हैं, उन शहरों एवं देश के विभिन्न गांव में जैन धार्मिक जैन संस्कारों का बीज रोपण करने का कार्य स्वाध्यायी साधक करेंगे। त्रिलोक रत्न धार्मिक परीक्षा बोर्ड अहमदनगर के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेमीचंद चोपड़ा का राजस्थान के पाली से आगमन हुआ। वे 22 दिसंबर को आयोजित होने वाले समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

### आज डॉ. सतीश मुनि का महामंगल पाठ, जुटेंगे साधक

22 दिसंबर की दोपहर 1:30 बजे जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में उप प्रवर्तक डॉ. सतीश मुनि का मंगल पाठ होगा। देश के विभिन्न शहरों से आए स्वाध्याय साधक मंगल पाठ ग्रहण करेंगे। इसके बाद मंगल साधना केंद्र मंगलम में गुरुदेव रतन मुनि की समाधि स्थल का दर्शन करने जाएंगे। केवल्यधाम तीर्थ में तीर्थ एवं संत दर्शन करेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इस दौरान जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

## सिटी इवेंट

# सभी गुरुद्वारों में किया जाएगा चार साहिबजादे -2 का चित्रण

**भिलाई।** चार साहिबजादे और माता गुजरी जी की शहादत को नमन करते हुए यूथ सिख सेवा समिति भिलाई और सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के द्वारा 21 से 30 दिसंबर तक भिलाई के सभी गुरुद्वारों में चार साहिबजादे - 2 फिल्म दिखाई जायेगी। जिसके लिए समिति द्वारा समूह साध संगत से अपील करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक फिल्म को अपने पूरे परिवार के साथ देखें और अपने बच्चों को भी सिखी इतिहास और साहिबज़ादों के क़ुर्बानी को बताएं। चार साहिबजादे शब्द का प्रयोग सिखों के दशम गुरु गोबिन्द सिंह के चार सुपुत्रों के साहिबज़ादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, ज़ोरावर सिंह व फतेह सिंह को सामूहिक रूप से संबोधित करने हेतु किया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों की शहादत को जब भी याद किया जाता है तो सिख संगत के मुख से यह लफ्ज़ ही बयां होते हैं। सरसा नदी पर जब गुरु गोबिंद सिंह का परिवार जुदा हो रहे थे, तो एक ओर जहां बड़े साहिबजादे गुरु जी के साथ चले गए, वहीं दूसरी ओर छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह, माता गुजरी जी के साथ रह गए थे। इस कहानी को बताने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर घोषणा की थी कि वीर बाल दिवस पर हर साल 26 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों की याद में पूरे भारत वर्ष में मनाया जाएगा। फिल्म के बाद गरुद्वारा कमेटी द्वारा लंगर की सेवा की जाएगी और गुरु का लंगर अटूट बरतेगा।

- 30 दिसंबर तक दिखाई जाएगी चार साहिबजादे और माता गुजरी की शहादत पर फिल्म

## एजुकेशन लाइव

# राष्ट्रीय अधिवेशन में लेंगे भाग शिक्षकों की लंबित मांगों पर चर्चा




**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ रायपुर संभाग का प्रतिनिधि मंडल जयपुर के लिए रवाना हुआ। केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ का राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में आयोजित किया गया है। इस अधिवेशन में केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ शिक्षकों की समस्याओं और उनकी लंबित मांगों पर चर्चा करेगा। रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व शैलेंद्र गिरी अध्यक्ष, डॉ. अजय आर्य महासचिव, कौस्तुभ नायक, लोकेश सिंह सचिव केंद्रीय समिति, जितेंद्र चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष, नील माधव उपाध्यक्ष आज जयपुर के लिए रवाना हुए। शैलेंद्र गिरी अध्यक्ष ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में शिक्षकों की समस्या पर चर्चा की जाएगी। अधिकारियों को समस्याओं के संबंध में ज्ञापन प्रदान किया जाएगा। महासचिव डॉक्टर अजय आर्य ने कहा कि शिक्षकों की पेंशन एक बड़ा मुद्दा है जिस पर अधिवेशन में चर्चा की जाएगी। केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों को मेडिकल फैसिलिटी प्रदान किए जाने की मांग की जा रही है। वर्तमान में सीजीएचएस फैसिलिटी दी जा रही है यह सभी शहरों में उपलब्ध नहीं है। मेडिकल बिल त्वरित रूप से भुगतान करने की मांग की जाएगी। लोकेश सिंह ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ लगातार शिक्षकों की समस्याओं को उठाता आ रहा है। संघ इस बात पर विश्वास करता है कि शिक्षकों को सम्मानजनक रूप से कार्य करने का वातावरण मिलना चाहिए।

- केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील पेंशन और मेडिकल फैसिलिटी की मांग उठाएंगे

## समाज इवेंट

# 7 दिवसीय शीतकालीन चरित्र निर्माण शिविर में युवा सीखेंगे आत्मरक्षा के गुर



**भिलाई।** छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आयुर्वेदिक दुर्ग के तत्वाधान में महर्षि दयानंद सरस्वती की दूसरी जयंती एवं आर्य समाज स्थापना के 150वीं वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विशेष शिविर का आयोजन 21 से 27 दिसंबर तक दयानंद परिसर आर्य नगर दुर्ग में आयोजित किया गया है। जिसका उद्घाटन शनिवार शाम 5 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अतिथियों द्वारा किया गया। इस दौरान सत्यनारायण स्वामी सहायक संचालक दुर्ग संभाग शिक्षा विभाग एवं अवनी भूषण पुरंग मंत्री आर्य समाज एवं शिविर अध्यक्ष अरुण कुमार आर्य मुंबई उपस्थित थे। इस अवसर पर मनोज ठाकरे, कृष्णमूर्ति आर्य, तुषार आर्य, हिमांशु आर्य, किशोर कनौजे ने शीतकालीन शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि सात दिवसीय शिविर के लिए विगत दो माह से तैयारी कर रहे थे आज उद्घाटन के अवसर पर 115 शिविरार्थियों पंजीयन किया गया। आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री अवनी भूषण पुरंग ने कहा कि सात दिवसीय शिविर में अनुशासन के साथ बौद्धिक, आध्यात्मिक विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण का लाभ युवा ले सकेंगे। यहां प्रशिक्षण ले रहे छात्र 7 दिन तक अपने घर से दूर रहकर शिविर में योग विद्या के अलावा शास्त्र के साथ शस्त्र का भी प्रशिक्षण लेंगे। जीवन में ज्ञान के अलावा संस्कार भी बहुत आवश्यक होता है। आयोजन का संचालन नीता चौरसिया ने किया।

- शास्त्र के साथ शस्त्र की वर्तमान जीवन में आवश्यकहै- सत्यनारायण स्वामी

## जीआईटीएफ बीआईवीवी वार्षिक समारोह 2024 का आयोजन

# लोक नृत्य, भगवद् गीता और दशावतार की अभिनव प्रस्तुति ने किया भाव-विभोर, खेल व अन्य गतिविधियों में प्रतिभावान हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** जीआईटीएफ बीआईवीवी खुर्सीपार (ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन) द्वारा वार्षिक समारोह और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन उत्साह पूर्वक मनाया गया। इसमें भाग लेने वाले सभी लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी। यह कार्यक्रम प्रतिभा, रचनात्मकता और एकजुटता का एक जीवंत प्रदर्शन था, जिसमें आनंद तरंग थीम को बड़े उत्साह और कुशलता के साथ शामिल किया गया था। इस अवसर पर शाला का बच्चों द्वारा विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों, भगवद् गीता पर आधारित भक्ति नाटकों, गीतों एवं दशावतार की एक अभिनव प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।





### अनेकता में एकता का दिया संदेश

शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा विविध राज्यों की वेशभूषा में अनेकता में एकता का संदेश देने वाली प्रस्तुति रही। पूरा कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की स्थानीय परंपराओं और विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों, भगवद् गीता पर आधारित भक्ति नाटकों, गीतों एवं दशावतार की एक अभिनव प्रस्तुति से प्रेरित था। इस दौरान छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य, नाटक और भाव-विभोर करने वाली एक से बढ़कर एक संगीतमय प्रस्तुतियां दी जिसे देखकर दर्शकों ने अनवरत तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।




### उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले हुए सम्मानित

पुरस्कार समारोह के दौरान शिक्षाविदों, खेल और पाठ्येतर गतिविधियों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वालों को सम्मानित किया गया, जिससे उनके साथियों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने की प्रेरणा मिली। बीआईवीवी खुर्सीपार के प्रिंसिपल वी बाला सुब्रमण्यम ने कहा कि वार्षिक समारोह हमारे स्कूल के सार को दर्शाता है। शैक्षणिक उत्कृष्टता, सांस्कृतिक विविधता और सामुदायिक भावना का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण इस आयोजन के दौरान देखने को मिला है। कार्यक्रम के समापन सत्र के दौरान वार्षिक उत्सव समारोह में योगदान देने वाले छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बच्चों और अभिभावकों को दिया प्रेरणादायक संदेश

समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि संदीप माथुर सीजीएम-एचआर, विशिष्ट अतिथि अंबर भारद्वाज टीआई भारतीय पुलिस और प्रिंसिपल वी बाला सुब्रमण्यम द्वारा दीप प्रज्वलन कर स्वागत गीत के साथ हुई। इस दौरान प्रिंसिपल वी बाला सुब्रमण्यम ने समग्र विकास के महत्व और छात्रों के बीच रचनात्मकता और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि संदीप माथुर ने अपने ज्ञानवर्धक भाषण से दर्शकों को प्रेरित किया, छात्रों और शिक्षकों की उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए सराहना की। विशिष्ट अतिथि अंबर भारद्वाज एवं शुभम झा पार्षद खुर्सीपार ने भी बच्चों और अभिभावकों को प्रेरणादायक संदेश दिया।

## पारिवारिक मिलन समारोह

# विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आज, पुस्तिका का विमोचन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज का 49वां पारिवारिक मिलन समारोह एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को सेक्टर-2 भिलाई विद्यालय ग्राउंड में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव,सांसद विजय बघेल अतिविशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुमन सागर सिन्हा करेंगे। समारोह सुबह 10 बजे भगवान सहस्त्राहु की पूजा अर्चना और ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ होगी। आयोजन को लेकर जन कल्याण समिति के पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

परिवारिक मिलन समारोह के विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ डड़सेना समाज के प्रांताअध्यक्ष युवराज सिन्हा, महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर. वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, रिसाली निगम महापौर शशि अशोक सिन्हा, निगम महापौर नीरज पाल, माता बहादुर कलारीन सम्मानित चित्रलेखा सिन्हा, भिलाई निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, शक्ति नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल, पूर्व प्रातांध्यक्ष भोजराम डड़सेना, कलार समाज के जिला अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, मंडलेश्वर जीवन राम सिन्हा, पार्षद अंजू सिन्हा और पार्षद ममता सिन्हा उपस्थित रहेंगे। जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुमन सागर सिन्हा ने बताया कि पूजा अर्चना के बाद महिलाओं का कार्यक्रम होगा। 10वीं और 12वीं की परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभावन मोनेश गजेन्द्र, संतोषी सिन्हा, चारूशी जायसवाल और नितिश कुमार सिन्हा, नीट के माध्यम से स्वास्थ्य चिकित्सा सेवाएं की पढ़ाई के लिए चयनित ओमिशा डड़सेना, तनीषा गजेन्द्र और प्रिशा सिन्हा, आईआइटी में चयनित सौरभ सिन्हा, भारतीय डाक सेवा में चयनित किरण सिन्हा और सोहम कुमार सिन्हा को प्रतिभा सम्मान से पुरस्कृत किया जाएगा। डॉ शुभ्रा गुप्ता स्मृति पुरस्कार से सम्मानित डॉ भावना देवी जायसवाल, साहित्य सम्मान से पुरस्कृत किशोर नसीने,पंडित जवाहर लाल पुरस्कार से पुरस्कृत त्रयंबक सिन्हा, पुष्पेन्द्र गजेन्द्र और दुष्यंत गजेन्द्र, राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत डौंडी लोहारा निवासी भरत लाल साहसी, सेवानिवृत्त घनश्याम सिन्हा, जगदीशचंद्र जायसवाल, डॉ कृपाराम गजेन्द्र, गौतम सिन्हा दुर्ग, उदय कुमार डड़सेना ,आत्मा राम सिन्हा जामुल और शेखरचंद्र कलार को समिति की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

**स्वास्थ्य शिविर का उठा सकते हैं लाभः** समारोह स्थल पर स्वास्थ्य जांच की सुविधा रहेगी। जहां श्रीशंकराचार्य मेडिकल कॉलेज और स्पर्श अस्पताल अस्पताल के चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ सेवाएं देंगे। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर एवं जांच की सुविधा रहेंगी। जिसका लाभ उठा सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ का नाम किया रोशन

# सब जूनियर नेशनल कराते में रजनी ने जीता गोल्ड मेडल




**भिलाई।** कराते इंडिया आर्गनाइजेशन इंडिया द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सब जूनियर कराटे चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन 14 और 15 दिसंबर को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किया गया था। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के 44 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

जिसमें डी आर स्पोटर्स कराते एकेडमी के बच्चों ने अपना वर्चस्व कायम रखते हुए छत्तीसगढ़ से एकमात्र खिलाड़ी सब जूनियर कैटेगिरी (11 वर्ष) में रजनी उरांव ने गोल्ड मेडल एवं उनकी छोटी बहन बरखा उरांव सब जूनियर कैटेगिरी में ब्रान्ज मेडल प्राप्त किया। यह दोनो बच्चियां सेक्टर–5 इस्पात क्लब में प्रशिक्षक रमेश द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। आयोजन के संबंध में छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसियेशन के कोषाध्यक्ष एवं कोच वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से पुरस्कृत रमेश ने जानकारी देते हुए बताया कि कराते इंडिया आर्गनाइजेशन के अध्यक्ष सिहान भरत शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए उनको बधाई दी। साथ ही इस्पात क्लब के सचिव मुकेश तिवारी, छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसियेशन के अध्यक्ष विजय तिवारी एवं अन्य सभी पदाधिकारी एवं रेल्ली समाज के सभी पदाधिकारी एवं सभी लोगों ने बधाइयां देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राधा-कृष्ण और कृपालु महाराज की हुई महाआरती

# शास्त्रों में भगवद्प्राप्ति के 3 मार्गों को बताया भक्तिमार्ग ही सुगम और सर्वश्रेष्ठः धामेश्वरी

कार्नर न्यूज

### ग्यारह दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन का हुआ समापन

**भिलाई।** रिसाली सेक्टर के बड़ा दशहरा मैदान में आयोजित 11 दिवसिय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन का समापन भव्य महाआरती व महाभंडारे के साथ हुआ। दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के अंतिम दिवस जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी ने बताया कि वेदों शास्त्रों में भगवद्प्राप्ति के 3 मार्गों को प्रशस्त किया गया है कर्ममार्ग, ज्ञानमार्ग और भक्तिमार्ग। कर्म मार्ग का विश्लेषण करते हुए उन्होंने कहा कि वेदों में अनेक कर्मकांडों का वर्णन मिलता है पूजा-पाठ, यज्ञ आदि, लेकिन वेदों में कर्मकांड की घोर निंदा भी की गई है। इसका कारण यह बताया कि कर्मकांड से स्वर्ग की प्राप्ति होती है लेकिन स्वर्ग भी क्षणभंगुर है मायिक है। अतः कर्मकांड करना घोर मूर्खता है कुछ लोग यज्ञ आदि करते हैं लेकिन वेदों में यज्ञ के लिए बड़े कड़े-कड़े नियम बताए गए हैं।



### बताये वेद ज्ञान के प्रकार

प्रवचन के दौरान धामेश्वरी देवी ने आगे ज्ञान मार्ग के बारे में बताया। वेदों में ज्ञान के दो प्रकार बताए गए एक शाब्दिक ज्ञान और दूसरा अनुभवात्मक ज्ञान। किसी भी विषय का शाब्दिक ज्ञान से, लेकिन साधना द्वारा उसका अनुभव ना हुआ हो तो वह कोरी कल्पना ही समझिये। यह ज्ञान दो क्षेत्रों से संबंधित होता है एक माया का क्षेत्र और एक मायतीत ईश्वर का क्षेत्र। जो ज्ञानी होते हैं उन्हें किसी भी विषय का शाब्दिक ज्ञान होता है, इस आधार पर वें प्रवचन में बड़ी-बड़ी बातें बताते हैं, लेकिन अनुभवात्मक साधना के अभाव में उनके इस ज्ञान का कोई विशेष प्रभाव नहीं होता। वेदों में यह भी कहा गया है कि ज्ञानी व्यक्ति का पतन हो जाता है। वह ज्ञान अज्ञान है जिसमें ईश्वर प्रेम ना हो अर्थात कर्म स्वर्ग देकर समाप्त हो जाता है और ज्ञान से मोक्ष मिलता है यह भी निंदनीय है। सही स्थान, सही समय, सही तरीके से कमाया धन, उससे एकत्रित हवन सामग्री और आहूति डालते समय, वेद मंत्रों का ठीक-ठीक उच्चारण आदि यदि नहीं होता तो यज्ञ करने वाले यजमान का नाश हो जाता है।

### भक्ति होती है अजर-अमर



भगवद्प्राप्ति के तीनों मार्गों में केवल भक्ति मार्ग ही सर्वसुगम, सर्वसाध्य एवं सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। हमारे वेदों में भक्ति से युक्त कर्म धर्म की प्रशंसा की गई है और भक्ति से रहित कर्म धर्म निंदनीय है। गीता में कहा गया है कि जो अनन्य भाव से निरंतर मेरी भक्ति करता है, मैं उसका योगक्षेम वहन करता हूं। भक्ति सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि भक्ति करने से अंतःकरण शुद्ध होता है। अंतःकरण शुद्धि पर गुरुद्वारा दिव्य इंद्रिय मन बुद्धि प्राप्त होते हैं तभी भगवान का दर्शन उनका प्रेम उनकी सेवा मिलती है। भगवद्प्राप्ति के बाद भी भक्ति बनी रहती है और यह भक्ति उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है। इस प्रकार भक्ति अजर अमर है।

प्रवचन का समापन राधा कृष्ण भगवान की एवं जगद्गुरु कृपालु महाराज की भव्य आरती के साथ हुआ।

# किसान की खुशहाली व समृद्धि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है: ललित

## किसान मेला कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विधायक ललित, बांटे कृषि उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

छत्तीसगढ़ शासन के एक साल पूर्ण होने पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कातरों में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग जिला दुर्ग आत्मा योजनातर्गत आयोजित किसान मेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष में किए जनकल्याणकारी कार्यों की



जानकारी प्रदान किया। कृषि विभाग द्वारा प्रदर्शित स्टालों का अवलोकन किया। सरकार की योजनाओं की जानकारी लिया गया और अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने के लिए निर्देशित किया पात्र किसान हितग्राही को विभिन्न उपकरण प्रदान किया गया। किसानों को स्पेयर, मछली कीट जाली, कीटनाशक छिड़काव उपकरण वितरण किया गया। किसान भाईयों को शाल श्रीफल से सम्मानित किया। उपसंचालक संदीप भोई, एसडीएम मीरी सर बिजनिगम अधिकारी ,राजेश बेहरा अतिरिक्त तसीलदार क्षमा यदु, सहायक संचालक कोरमि जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर सरपंच मंजू यदु, उपसरपंच भुनेश्वरी साहू ,मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा सरपंच वामन साहू दिलीप साहू , सरपंच पोषण साहू , सुखित यादव, फलेंद्र सिंह राजपूत, सोनू राजपूत प्रवीण यदु, लोकेश्वर चंद्राकर, करण सेन, कन्हैया साहू, बसंत देवांगन, राजू साहू , रमेश गजपाल, लेख राम साहू,दुर्गा प्रसाद, गजेन्द्र साहू लता सोनवानी दानेश्वरी देशमुख सहित बड़ी में संख्या अधिकारी कर्मचारी सहित किसान भाई बहन उपस्थित रहे। चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में विष्णु देवसाय सरकार अन्नदाता किसान भाइयों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### चिंगरी बोरियापारा में आज मंडाई मेला का आयोजन

**भिलाई।** घासीदास जयंती के अवसर पर मंडाई मेला का आयोजन आज चिंगरी बोरियापारा में आयोजित किया गया है। यह आयोजन सतनामी समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जायेगा। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा बोरियापारा से निकाली जायेगी एवं ग्राम मुड़ीया जिला मुंगेली के पंथी दल द्वारा शाम 4 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष ईश्वर बंजारे ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## निधन

### शंकर दीप



**भिलाई।** स्ट्रीट 15 क्वाटर के 11 जोन 3 वार्ड 48 खुर्सीपार निवासी अखिल भारतीय उड़िया समाज के सदस्य चेतन दीप के छोटे सुपुत्र शंकर दीप का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। वे सिकंदर, भारत, मनोज, शिवा दीप, बहन पिंकी के भाई और हेतुराम दीप का भतीजा था। उनका अंतिम संस्कार छावनी मुक्तिधाम में शनिवार को किया गया।

### अहिल्या चंद्राकर



**जामगांव आर।** ग्राम बोरवाय निवासी अहिल्या बाई चंद्राकर पति स्व. गुहा राम चंद्राकर उम्र 82 वर्ष का निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार ग्राम बोरवाय में हुआ। वे अनिल चंद्राकर,जय प्रकाश चंद्राकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य,विजय चंद्राकर, युधिस्ठिर चंद्राकर,रमन चंद्राकर ,राजेश चंद्राकर की माता थीं।

## मंडल अध्यक्षों की नियुक्त : धमधा, उतई, रिसाली सहित अन्य मंडलों में नियुक्त

# भाजपा में कार्यकर्ता ही रीढ़ की हड्डी: कमलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

भाजपा ने गहन विचार विमर्श कर संगठन चुनाव को मनोनयन पद्धति का अमलीजामा पहनाकर बटरेल निवासी युवा भाजपा नेता कमलेश साहू को भाजपा जामगांव आर मंडल का अध्यक्ष घोषित किए। विदित हो कि पहले पाटन विस के मंडलों को उत्तर दक्षिण मध्य पाटन मंडल से नामित किए थे। लेकिन अब जामगांव आर भाजपा मंडल ,पाटन भाजपा मंडल ,अमलेश्वर भाजपा मंडल , कुम्हारी भाजपा मंडल, दरबार मोखली भाजपा मंडल (यह नव उदित मंडल है) नाम से जाने जायेंगे। उल्लेखनीय है कि पहले चार मंडल थे अब 5 मंडल विस में बनाए गए है। नवनियुक्त जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू वर्तमान में सेवा सहकारी समिति बटरेल के प्राधिकृत प्रतिनिधि और जामगांव आर भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भी है। मंडल अध्यक्ष का नाम घोषणा करते हुए चुनाव अधिकारी रविशंकर जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू सहित पदाधिकारियों ने बधाई दिए ।



### भाजपा में कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी



नवनियुक्त जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपकर विश्वास का आशीर्वाद प्रदान करने वाले मंडल जिला प्रदेश देश के सभी अग्रज भाजपा नेताओं का आभार माना।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के लिए रीढ़ की हड्डी की भांति है मजबूती देते।है तभी भाजपा विघ्न संतोषीयों और हुड़दंग भरी रोड़े के बावजूद सतत ऊंचाइयों को छू रही है। देश सेवा में सतत आगे बढ़ रही है।

### युवा नेता के हाथों में मंडल की कमान

निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि प्रक्रिया अनुरूप संगठन चुनाव होते है नवनियुक्त जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ऊर्जावान युवा नेता है पार्टी ने बड़ा अच्छा सोच समझकर निर्णय लिया है और अनुभवी भाजपा नेता के हाथो मंडल की बागडोर सौंपे है।निश्चित ही इनके संगठनात्मक अनुभव का लाभ पार्टी ,कार्यकर्ताओं और आमजनता को भी मिलेगा।

### आमजनता कहती है मोदी है तो मुमकिन है

नवनियुक्त जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सौभाग्य शाली है जिनको ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ दूरदृष्टा देश प्रेमी गरीबों के मसीहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिला है। देश की आम जनता ने उनकी खानदानी 60 साल की सरकार और नरेंद्र मोदी 10 साल की सरकार देख समझ गए कि मोदी है तो मुमकिन है। भाजपा सौभाग्य शाली है जिन्हें देश भक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिला।

### कमलेश को दी गई बधाई


भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू पूर्व विधायक डा दयाराम साहू निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू , खेमलाल साहू लोकमणि चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू राजा पाठक अभय ठाकुर, प्राण नाथ साहू, निर्मल जैन,नारद साहू, नरेश केला, अंगेश्वर साहू, मेघनाथ सागरवंशी,अशोक शर्मा, बेनी राम साहू, राजेश बंछोर, तेजेन्द्र पिपरिया, मनीष चंद्राकर, रामसिंह बसोर, तेजराम साहू,छगन साहू,डॉ देवेंद्र साहू , रेवा साहू, सम्पत साहू, बेनी राम साहू, योगेश्वर साहू, रवि सिन्हा, रूपसिंह सिंहा, भगवान सिंह चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, संजय चंद्राकर, देवेंद्र साहू, किरण यादव, संजू साहू, दिनेश देवांगन, सुरज निर्मलकर, लिकेश साहू, राजेंद्र साहू, छगन साहू, सोनसाय साहू राजेश चंद्राकर, राजा पाठक, बाबा वर्मा, दिलीप साहू, जागेश्वर शुक्ला, अरुण चंद्राकर, कमल निर्मलकर, प्रमोद जैन, जिनेश जैन, श्रीकांत चंद्राकर, लुभम बंछोर, नरेंद्र धर्मगुड़ी, खेमलाल देशलहरे , योगी साहू आदि शामिल है।

### धमधा मंडल अध्यक्ष की कमान लोकेंद्र को

**धमधा।** वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रिका भट्ट के पुत्र एवं सक्रिय युवा नेता लोकेंद्र भट्ट को भाजपा ने धमधा भाजपा मंडल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त कर कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने धमधा नगर गेट के पास स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र भट्ट ने कहा कि हर कार्यकर्ता अब मंडल अध्यक्ष होगा। आप लोगों ने जो आशीर्वाद दिया है जिसके बदौलत मैं इस मुकाम पर पहुंचा हूं। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मन्ना महोबिया, मलिक मोहम्मद कुरैशी, इन्द्रसेन यादव,बुधराम यादव,राजेन्द्र मरकाम, पार्षद आरुणी दानी, चेतन सोनकर, भूषण ढीमर, अशोक यादव,राजाराम पटेल, जनपद सदस्य सागर वर्मा,सोनू चन्देल, नन्दी साहू,पीयूष ताम्रकार,संतोष निर्मल,तुषार राजपूत,राजा स्वर्णकार,माधव सिन्हा, दुष्यंत सिन्हा, गजेंद्र निर्मल,याकूब कुरैशी,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष को विधायक ललित ने दी बधाई, मिली नई जिम्मेदारी





**भिलाई।** भाजपा दुर्ग जिला कार्यालय में संगठन चुनाव के तहत शनिवार को दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के उतई मंडल, अंजोरा मंडल, रिसाली मंडल इस बार दो नया अंडा निकुम मंडल और मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष का मनोनयन जिला भाजपा कार्यालय में संगठन चुनाव अधिकारी के उपस्थिति में संपन्न किया गया । उतई मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत,रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू , अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, मरोदा - पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश ,जंघेल, अंडा - निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख का मनोनयन किया गया है। कार्यकर्ताओं द्वारा सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष को बधाई दिया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि यह आपके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है।

## दुर्ग जिला भाजपा संगठन में हुई मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां, दो मंडलों में महिलाओं को मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

संगठन पर्व 2024 अंतर्गत शनिवार को दुर्ग जिले के मंडल अध्यक्षों के नाम की घोषणा हुई। जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल ने जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा एवं मंडल चुनाव अधिकारियों की उपस्थिति में प्रदेश भाजपा से प्राप्त बंद लिफाफों को खोलकर मंडल अध्यक्षों के नाम घोषित किये। सर्वप्रथम नेतागण अहिवारा पंहुचे और वहां अहिवारा विधानसभा अंतर्गत जेवरा सिरसा मंडल में घनश्याम साहू, अहिवारा मंडल में रामजी निर्मलकर, मुरमुंदा मंडल में कुमन साहू को मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया। इस दौरान विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य रविशंकर सिंह, मंडल चुनाव अधिकारी राजेंद्र कुमार पाध्ये, कांतिलाल जैन, जिला भाजपा महामंत्री प्रेमलाल साहू, निवृत्तमान अहिवारा मंडल अध्यक्ष लिमन साहू, जेवरा सिरसा के



जितेंद्र यादव भी उपस्थित रहे। दुर्ग शहर विधानसभा के पांच मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में की गई। जिसमें सिकोला पटरीपार मंडल में मनमोहन शर्मा, गंजपारा मंडल में महेंद्र लोढ़ा, दीनदयाल उपाध्याय मध्य मंडल में हरीश चौहान, कसारीडीह बोरसी मंडल में कौशल साहू, चंडी शीतला मंडल में कमलेश फेकर का नाम अध्यक्ष के रूप में घोषित किया गया। दुर्ग शहर के पांचों मंडलों के अध्यक्ष पद की घोषणा के दौरान विधायक गजेन्द्र यादव, जिला सह चुनाव अधिकारी उषा टावरी, सुरेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक बालमुकुंद देवांगन, मंडल चुनाव अधिकारीगण मनोज मिश्रा आदि मौजूद थे।

## स्वयं सेवक संघ ने 369 थालियां, थैला और 44 हजार 649 रुपए का किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

हरित कुंभ प्लास्टिक मुक्त कुंभ के तहत कुम्हारी से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा लोगों से सहयोग लेकर एक थाली हर एक व्यक्ति को प्रयागराज कुंभ में देने की योजना पर राशि स्वयंसेवक संघ द्वारा दुर्ग जिला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से जन सहयोग से 369 थालियां व थैला सहित 44,649 रुपए भेजा गया ताकि कुंभ में प्रयागराज पहुंचे हर एक व्यक्ति को एक थाली एक थैला देकर हरित कुंभ प्लास्टिक मुक्त कुंभ में सहयोग मिल सके। बता दें कि आगामी 13 जनवरी से



26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया गया है। जिसमें 45 दिनों में अनुमानित 40 करोड़ श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने का अनुमान है। कुम्हारी के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का यह सहयोग इस विशाल आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा साथ ही सभी से अपील है कि समस्त श्रद्धालु भी इसका हिस्सा बनें।

## लंबित अपराधों का अभियान चलाकर निराकरण के दिए निर्देश

# एसपी ने ली क्राइम मीटिंग, कहा: लंबित अपराधों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की क्राईम मीटिंग लेकर 1 वर्ष से अधिक अवधि के लंबित अपराधों का अभियान चलाकर शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिए। क्रिसमस एवं नववर्ष त्यौहारी सीजन के मद्देनजर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नियंत्रण, अपराध की रोकथाम हेतु सख्त निर्देश दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला केसीजी में 20 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा वर्तमान समय में हो रही घटनाओं को दृष्टिगत रखते नितेश कुमार गौतम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़-गंडई लालचंद मोहले एवं थाना प्रभारियों की संयुक्त मीटिंग लिया गया।



### संदिग्धों का लें-फिंगरप्रिंट

थानों में पंजीबद्ध अपराधों, शिकायतों व मर्ग का अधिक से अधिक निकाल करने, लंबित चालानों को माननीय न्यायालय में अविलंब पेश करने, समर्थ अभियान के तहत आम जनता को यातायात नियमों एवं सायबर संबंधी जानकारी प्रदान करने, अपराध नियत्रंण हेतु पूर्व में गिरफ्तार व संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट लिए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों एवं गांजा तस्करों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिससे आम जनता के बीच सकारात्मक संदेश जाए।

### असामाजिक गतिविधियों पर रखे नियंत्रण : एसपी

वहीं सड़क दुर्घटना में नियंत्रण हेतु चौक-चौराहों पर बेहतर पुलिसिंग कर अनियंत्रित गाड़ियों पर नियंत्रण करने एवं यातायात नियमों का पालन किया जा सके, इसके बारे में विशेष समझाईस दी गई। साथ ही क्रिसमस एवं नववर्ष के मद्देनजर असामाजिक गतिविधियों पर नियत्रंण एवं अपराध रोकने हेतु सख्त दिशा-निर्देश दिया गया। उपरोक्त मीटिंग में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

### शिकायतों का करें शीघ्र निकाल

मीटिंग के दौरान अपराध नियंत्रण के संबंध में समस्त थाना प्रभारियों को नवीन कानून को ध्यान में रखते थानों में लंबित अपराधों एवं शिकायतों को शीघ्र निकाल करने, विवेचना में ई-साक्ष्य ऐप्लीकेशन के उपयोग के साथ ही रोड ऐक्सिडेंट मामले में आई रेड पोर्टल में एंट्री करने हेतु विशेष हिदायत दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सायबर संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्रामों एवं कस्बों में समर्थ अभियान के तहत सायबर जागरूकता, नवीन कानून के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें। इसके अतिरिक्त सायबर संबंधी अपराधों के बारे में लगातार ठगे जा रहे आम जनता के समस्याओं का निराकरण करें।

### इंटर कॉलेज खेल स्पर्धा लक्ष्य 2024 का समापन



**सेलूद।** प्रिज्म कैम्पस में वार्षिक खेलकूद खो-खो, कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विगत दिनों किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विवि खेलकुद विभाग निदेशक दिनेश नामदेव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से किया गया। शुभारंभ के अवसर पर प्रिज्म कॉलेज अध्यक्ष रूपेश कुमार गुप्ता, ने विजय मशाल जलाकर खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन किया गया। डायरेक्टर ख्याति साहू ने बताया कि आने वाले सत्र में बास्केट बॉल ग्राउंड के साथ बास्केटबॉल खेल का आयोजन भी प्रिज्म में किया जाएगा। प्रतिस्पर्धा में दुर्ग जिले के 12 कॉलेजों से कुल 20 से ज्यादा टीमो ने भाग लिया।

## अंचल की खबरें

### परसदा डंग में कराया न्योता भोज



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला परसदा डंग में अपने प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण किया गया था। यह पल को यादगार बनाने के लिए जूनियर कमिश्नर अफसर मेजर लद्दाख में पदस्थ वेणु गोपाल साहू ने अपनी पत्नी नीलिमा के साथ बच्चे के जन्म दिवस के अवसर पर न्योता भोज वृहद स्तर पर दिया गया। इस कार्यक्रम में शाला से 180 बच्चे, एसएमसी के 32 पदाधिकारी, ग्राम पंचायत सरपंच, गायत्री परिवार से माताओं व ग्राम के प्रबुद्ध नागरिक को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में सरपंच कुलदीप साहू, लालाराम,मोहन साहू, नीलांबर साहू, विनोद साहू, हिलेश्वर साहू बाला राम, रेशमा, प्रियंका साहू, इंद्राणी, सत्यवती ,एवम शाला स्टाफ उपस्थित थे। आभार व्यक्त प्रधान पाठक एमके चंद्राकर, द्वारा किया गया।

### बिजली बिल देखकर लग रहा है झटका: राकेश



**सेलूद।** उपभोक्ताओं को बिजली कंपनी मनमाने बिजली बिल थमा रही है। ऐसे में बढ़े बिल देख लोगों का ठंड में भी पारा चढ़ रहा है। अधिक बिजली बिल आने पर उपभोक्ता उसमें सुधार के लिए बिजली कंपनी कार्यालय पहुंच रहे हैं। बिजली बिल में सुधार के लिए सुबह से ही बिजली कार्यालय में आम लोगों की कतारें लगी हुई है प्रतिदिन देखी जा सकती है। सेलूद क्षेत्र के गांवों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिल में बढ़ोत्तरी होने पर पूर्व जिला पंचायत सभापति राकेश ठाकुर ने कहा कि आम उपभोक्ता को भाजपा सरकार स्मार्ट मीटर लगाने के बाद उनके जेब में डांका डाल रही है। क्षेत्र में बिजली मीटर लगे करीब 3 माह होने जा रही है। पहले जिन उपभोक्ताओं का बिल 3 से 4 सौ रुपए तक आता था अब 3 से 4 हजार तक आ रहा है। अब तो स्थिति ऐसे हो गई है कि लोगों को बिजली का बिल देखकर ही झटका लग रहा है।

### रक्तदान महादान दुनिया का सबसे बड़ा पुण्य: हर्षा



**पाटन।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के छत्तीसगढ़ शासन का एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीठ में रेडक्रास सोसायटी दुर्ग के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य रोगियों व आवश्यक उपचार के जरूरतमंदों को निःशुल्क रक्त देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने किया। कुल 21 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ा प्रयास किया। चंद्राकर ने कहा कि हम सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि बहुत से लोग बीमारियों में, एक्सीडेंट केसेस,ब्लड कैंसर जैसे रोग एवं विभिन्न आप्रेशन में हितग्राही मरीजों को दान किया गया रक्त लगता है। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि रक्तदान जैसा कोई दान नहीं क्योंकि आपके इस दान से किसी की जिंदगी बचती है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, सेवा सहकारी समिति झीट अध्यक्ष धर्मेंद कौशिक, युवा मोर्चा महामंत्री रूपेंद्र साहू, जीवन साहू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीठ सेक्टर प्रभारी डा अनुराग सोनकर, शिशु रोग विशेषज्ञ डा विजेता डोंगरे,डा नवनीत कौर डॉ. अभिलाषा दीवान चंद्राकांता साहू, असलम, फार्मासिस्ट नरेंद्र लिल्लारे,स्टाफ नर्स भूमिका देवांगन,रीतू ठाकुर, सुपरवाइजर जे आर मार्कडेय, एकलव्य देशमुख, काउंसलर रूक्मणी साहू,आरएचओ हरीश खर आदि मौजूद थे।

### राम कथा ज्ञान यज्ञ की निकली कलश यात्रा



**जामगांव आर।** नारी शक्ति एवं ग्रामवासी जामगांव आर द्वारा श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शनिवार को 24 से 28 दिसंबर तक कला मंच बाजार चौक में किया जा रहा है। श्रीधाम वृन्दावन से पधारे रामकथा मर्मज्ञ आचार्य शिवानंद महाराज ने शनिवार को मंगलाचरन के बाद संत महिमा, सती मोक्ष, शिव तप, दक्ष यज्ञ पर व्याख्यान दिए। 22 को पार्वती जन्म शिव पार्वती विवाह नारद मोह मनु सतरूपा तप, 23 सूर्य वंश कथा अधोध्या वर्णन राम जन्मोत्सव, 24 को बाल लीला नामकरण वन गमन अहिल्या उद्धार धनुष यज्ञ सीता विवाह, 25 को परशुराम संवाद, सीता विदाई, अयोध्या आगमन, केवट संवाद, दशरथ देह त्याग, चित्रकूट लीला, सीता हरण, 26 को जटायु उद्धार, नवधा भक्ति, सुग्रीव मित्रता, समुद्र पार लंका जलाना, 27 को समुद्र सेतु निर्माण, रामेश्वरम शिव लिंग स्थापना, लक्ष्मण शक्ति, राम रावण युद्ध, विभीषण राज तिलक, राम राज्य अभिषेक, तुलसी वर्षा, 28 को हवन भंडारा रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा।

### धोबी समाज ने संत गाडगे की मनाई पुण्यतिथि



**अंडा।** धोबी समाज ने अपने इष्ट गुरु संत गाडगे की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर ने स्पष्ट तौर पर संविधान लिखते समय कहा था कि वह संत गाडगे से प्रेरणा लेकर संविधान का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने समाज के आयोजन में युवाओं की भागीदारी को आवश्यक बताया और 22 दिसंबर को होने वाले महापंचायत में उपस्थित होकर अपने विचार रखने का आव्हान किया। समाज का महापंचायत राजधानी के शीतला माता मंदिर प्रांगण शीतला पारा रामनगर में 22 दिसंबर रविवार को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। महापंचायत में विवाह योग्य बेटा बेटी अपना पूरा परिचय देकर मनपसंद जीवन साथी का चयन कर सकेंगे साथ ही सामाजिक प्रकरणों का निराकरण होगा। महानगर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने बताया कि प्रदेश समाज ने एक से बढ़कर एक कल्याणकारी सामाजिक योजना लागू किए हैं जिसका गांव-गांव में पालन हो रहा है। आयोजन में प्रदेश के पदाधिकारीगण प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, संरक्षक भाग बली निर्मलकर, महामंत्री हेमंत निर्मलकर, रामायण रजक, कोषाध्यक्ष गणेश निर्मलकर, संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक विनोबा पुरस्कार से किए गए सम्मानित

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के 5 शिक्षकों को माह नवंबर के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विनोबा ऐप के माध्यम से हर महीने जिले के नवाचारी शिक्षकों को पोस्ट ऑफ द मंथ और विभिन्न कौशल संवर्धन पहल में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाता है। इसके अलावा बोलेगा बचपन, टॉप 3 क्लस्टर और उत्कृष्ट दुर्ग कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों का भी सम्मान किया जाता है। इसी क्रम में जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने पाटन ब्लॉक के सुशील कुमार सूर्यवंशी और सृष्टि तिवारी, धमधा ब्लॉक की प्रीति गेण्ड्रे और जितेंद्र कुमार, दुर्ग ब्लॉक की उषा शर्मा को सम्मानित किया। उन्होंने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, विनोबा नोडल डॉ पुष्पा पुरुषोत्तमन, एपीसी विवेक शर्मा, ओपन लिंक्स फाउंडेशन से प्रोजेक्ट ऑफिसर प्राची तुमसरे उपस्थित थे।

### विद्युत विस्तारीकरण के लिए 3.97 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए पाटन विधानसभा के एक कार्य के लिए 3 लाख 97 हजार 732 रूपए स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी वार्ड क्रमांक 3 गणेश चौक से केडिया मार्ग महामाया पारा कुम्हारी में विद्युत विस्तारीकरण कार्य के लिए 3 लाख 97 हजार 732 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### सामाजिक छात्रवृत्ति परीक्षा आज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के विद्यार्थियों के लिए सामाजिक छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सदस्यों ने बताया कि छात्रवृत्ति का लाभ वे सभी विद्यार्थी ले सकते हैं, जो इस शैक्षणिक सत्र में कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत हैं। छात्रवृत्ति का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के 20 विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी और छात्रवृत्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ के 250 से अधिक शहरों एवं गांवों में परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा। इन केंद्रों में पांच हजार से अधिक विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा का आयोजन 22 दिसंबर को दोपहर 12 से 1.30 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा केंद्र निषाद समाज के नजदीकी भवन को बनाया जाएगा। परिणाम की घोषणा 16 जनवरी को किया गया जाएगा।

# सब कुछ राज्य से चल रहा, इसलिए पन्द्रह जनवरी तक टोकन फुल

## मिलरों के रिक्वेस्ट भेजने पर ही डीओ जारी, टोकन का सिस्टम राज्य से तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन के एनआईसी द्वारा आगामी पन्द्रह जनवरी के बाद की तारिख का लाक कर दिया गया है। सिस्टम में तारीख लाक कर दिए जाने के कारण किसानों धान बेचने टोकन नही ले पा रहे हैं। हालात यह हैं कि, एक भी बार धान नही बेच पाए किसानों की धडकने तेज हो गई हैं।

उल्लेखनीय है कि, धान खरीदी नीति के तहत सब कुछ राज्य के अधिकारी के हाथों में है। मिलरों को डीओ पूर्व में मार्कफेड द्वारा जारी किया जाता था। लेकिन अब राज्य के मार्कफेड द्वारा मिलरों के रिक्वेस्ट भेजने पर डीओ जारी किया जा रहा हैं। यही नही टोकन जारी किए जाने के लिए भी सिस्टम राज्य से ही खोला जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि, जिले में धान का उठाव नही होने के कारण जाम है। इससे बचने के लिए पन्द्रह जनवरी के बाद का तारीख नही खोला जा रहा है। पूर्व में भी रोजाना खरीदी सोसायटी तय करती थी, लेकिन इसे भी बदलकर राज्य से रोजाना सोसायटियों की खरीदी का निर्धारण किया जा रहा है, वहीं केन्द्रों में अधिकतम कितना धान रखने है। ये तमाम गतिविधियां राज्य से की जा रही है। ऐसे में प्रशासन भी जाम से किसानों को राहत नही दिला पा रही हैं। जिसके चलते हजारों किसान इस बात को लेकर चितिंत है कि, कही वे आखिरी दिनों में धान बेचने से वंचित न हो जाए।

### मोबाइल में नहीं खुल रहा आप्शन

प्रगतिशील किसान संगठन के राजकुमार गुप्ता ने बताया कि, पन्द्रह जनवरी के बाद की तारीख टोकन तुंहर द्वार भी नही खुल रहा हैं, वही सोसायटी में भी पन्द्रह जनवरी तक टोकन फुल बताया जा रहा है। जिससे कई किसानों की चिंता बढना स्वाभावित हैं। ऐसी स्थिति में किसान सोसायटी का चक्कर लगा रहे है। लेकिन उन्हें सोसायटी से भी मासूय लौटना पड रहा हैं। जिले में अब तक 59924 किसानों से 28 लाख 13 हजार की खरीदी की जा चुकी हैं।



### दिसंबर में सात, जनवरी में 21 दिन शेष

दिसंबर में किसान सिर्फ सात दिन धान बेच पाएंगे, वही जनवरी में सिर्फ 21 दिन खरीदी होगी, क्योकि शनिवार और रविवार के साथ ही सरकारी अवकाश को छोडकर इतने ही दिन बच रहे है। जबकि पंजीकृत 114779 किसानों में सिर्फ 59924 ने धान बेचा हैं। जिले में 122758 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत है, जिसमें अब तक 53590 हेक्टेयर यानि आधे रकबा में भी खरीदी नही हुई हैं। बता दे बडे किसानों को दो और छोटे को तीन बार टोकन दिए जाने का प्रावधान हैं।

## सख्ती : राज्य शासन के पर्यावरण मंडल और जिला प्रशासन से जवाब तलब

# पुलगांव की आबादी जमीन पर फेक रहे कचरा, एनजीटी ने थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम द्वारा पुलगांव की आबादी जमीन पर डल रहे कचरे के खिलाफ लगाई गई याचिका पर एनजीटी ने एक्शन ले लिया है। एनजीटी ने नोटिस जारी करते हुए राज्य के आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव, संभागायुक्त दुर्ग, कलेक्टर व आयुक्त नगर निगम एवं पर्यावरण मंडल के सदस्य सचिव से जवाब तलब किया है। मजेदार बात यह है कि, निगम ने पहले अपने जवाब में यह जानकारी दी थी कि उनके द्वारा उक्त स्थान पर कोई कचरा नहीं डाला जा रहा है। लेकिन एनजीटी की नोटिस के बाद प्रशासनिक अमले में खलबली मची हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार एनजीटी के तय मापदंड के अनुसार आबादी जमीन में कचरों को नही डाला जाता है। इसके बाद भी निगम प्रशासन द्वारा एनजीटी के नियमों का पालन नही किया जा रहा था। यही नही एनजीटी के मापदंड का पालन नही करने पर निगम प्रमुख पर करोडों रूपए की पैनाल्टी का भी प्रावधान है। उल्लेखनीय हैं कि, नगर निगम दुर्ग द्वारा लंबे समय से पुलगांव की आबादी भूमि खसरे क्रमांक 148-1 में शहर से निकलने वाले कचरे को डंप करने का प्रयास किया जा रहा है। पार्षद सहित रहवासियों एवं कपड़ा व्यापारियों द्वारा कई दफा आबादी भूमि में कचरे को फेंकने के खिलाफ नाराजगी जताई गई है। लेकिन इसके बावजूद निगम प्रशासन ने इस नाराजगी को नजरअंदाज करते हुए लगातार उक्त भूमि पर कचरा फेंक रहे है। इस मामले की शिकायत वार्ड क्रमांक 55 की पार्षद हेमेश्वरी निषाद ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) भोपाल के समक्ष एक याचिका दायर कर की थी।

### आबादी जमीन को लेकर लगातार दर्ज कराई गई थी आपत्तियां



### सख्त कार्रवाई की भी चेतावनी

एनजीटी द्वारा जारी आदेश में सक्त कार्यवाही का भी उल्लेख किया गया हैं। जिस स्थान पर निगम द्वारा कचरा फेंकने का प्रयास किया जा रहा है, वहां दुर्ग शहर के ही कई सामाजिक संगठनों ने चार हजार से अधिक पौधों का पौधरोपण किया है। यहीं कारण है कि, इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एनजीटी भोपाल ने प्रशासन को जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। वहीं यह भी साफ कर दिया है कि, इस प्रकरण में जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### गठित समिति से छह सप्ताह के अंदर मांगी रिपोर्ट

एनजीटी ने कार्रवाई करते हुए 19 दिसंबर को एक आदेश जारी करते हुए मामले की जांच के लिए एक विशेष समिति का गठन किया है। समिति में कलेक्टर दुर्ग एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खसरा क्रमांक 148-1 पर नगर निगम द्वारा की जा रही ठोस एवं अपशिष्ट की डंपिंग की जांच कर छह सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है।

### आधा दर्जन को थमाई नोटिस

नियमानुसार अधिकृत डंपयार्ड पर ही ठोस एवं अपशिष्ट कचरों को डाला जा सकता है। आबादी भूमि पर कचरा डालने का कोई प्रावधान नहीं है। यहीं कारण है कि एनजीटी ने प्रकरण में आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव, कमिश्नर, कलेक्टर दुर्ग, नगर निगम दुर्ग एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य के नाम नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

**आदेश का पालन किया जाएगा**

पूर्व में एनजीटी द्वारा आदेश जारी किया गया था। अभी की जानकारी नही है। फिर भी एनजीटी के निर्देशों का पालन किया जाएगा।
-सुमीत अग्रवाल, आयुक्त, नगरनिगम दुर्ग

# गृहमंत्री के खिलाफ एससी एसटी समाज का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गृहमंत्री द्वारा संसदन में दिए गए एक बयान को लेकर नाराज युवा संघर्ष समिति द्वारा कलेक्टोरेट के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बडी संख्या में समाज के लोग पहुंचे थे, उनके द्वारा जमकर नारेबाजी भी की गई।

- पटेल चौक में पुलिस के सामने फूंका पुतला

जिला अध्यक्ष दिनेश चौरे द्वारा आंदोलन का समर्थन किया गया, वहीं बडी संख्या में एससी-एसटी समाज के द्वारा प्रदर्शन किया गया। अंबेडकर शब्द का प्रयोग कर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का अपमानित करने का समाज द्वारा आरोप लगाय गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉक्टर अरविंद चौधरी, अनिल जोग किया।

### पटेल चौक में पुलिस ने रोका

नाराज समाज के लोगों ने गृहमंत्री का पुतला दहन कर दिया। हांलाकि पटेल चौक में उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस का चकमा देकर सामाज के लोगों ने पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस जवान भी कुछ नही कर पाए। इस दौरान एसआर कानडे, हेमराज मेश्राम, विनोद वासनिक, रविंद्र, युवराज, राजकिशोर, राजेश, अमित मेश्राम, एमपी पाटिल, शांतनु मरकाम सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

समाज के लोगों ने बताया कि, विगत अठारह दिसंबर को संसद में गृहमंत्री द्वारा कहा गया कि, अंबेडकर का नाम लेना आज फैशन बन गया है। यदि इतनी ही बार भगवान को नाम लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। इस बयान से समाज आक्रोशित हो गए।

### कोटनी में क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**दुर्ग।** ग्राम कोटनी में 22 दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया है। जिसमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। वहीं क्रिकेट क्लब कोटनी के अध्यक्ष नवीन राजपूत ने बताया कि प्रतियोगिता प्रत्येक रविवार को खेला जायेगा एवं फाइनल मैच 12 जनवरी को होगी। हर मैच 6 ओवर का होगा। हर मैच टेनिस बॉल में होगी। 32 टीमें हिस्सा लेंगी।

# समिति की बैठक में सीईओ ने बैंकों को टार्गेट पूरा करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की 186वीं डीएलसीसी, डीएलआरसी की बैठक 21 दिसम्बर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे द्वारा की गई। बैठक के प्रारंभ में बैंको की साख जमा अनुपात, सीडी रेटियो पर चर्चा हुई। जिन बैंकों का साख जमा अनुपात कम हैं उन बैंकों को अगले तिमाही बैठक तक सुधार करने को कहा गया।

- जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैंक की बैठक

बैठक में सीईओ बजरंग दुबे ने सभी बैंकर्स को शासन के मंशानुरूप प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों का नामांकन कर दिए गए लक्ष्य को पूरा करने निर्देशित किया गया। उन्होंने बैंकवार प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति योजना के क्लेम से संबंधित लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने कहा। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा तिमाही की लक्ष्य प्राप्ति की जानकारी दी गई और सभी बैंकों को अंत्यावसायी अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकरण करने निर्देशित किया गया।



पीएम विश्वकर्मा अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया। साथ ही प्राथमिकता के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण प्रदान करने को कहा। इस दौरान बैंक एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रशासन ने नहीं सुनी राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मिसत्री का कार्य करने वाले कोमल सिंह विश्वकर्मा द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन कार्यवाही नही होने से नाराज पीडित ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीडा बताई हैं। पीडित के अनुसार पिछले एक वर्ष के कलेक्टर, आयुक्त दुर्ग को आवेदन (शिकायत) पत्र सौपकर न्याय की गुहार लगाते पैरो में फफोले निकल आये हैं।

रुष्ट होकर पीडित ने 12 दिसंबर 2024 को अपने परिवार क साथ रायपुर स्थित महामहिम राज्यपाल महोदय के राजभवन में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई हैं। कोमल सिंह विश्वकर्मा ने बताया कि, पेशे से एक मिस्त्री है। वह ठेकेदार के अंतर्गत रहते हुए मजदूरो को साथ लेकर दिहाड़ी मजदूरी करके जीवन यापन करते है। पोटिया में निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास में ठेकेदार कन्हैयालाल अग्रवाल के अधीन रहकर कोमल सिंह ने मजदूरी किया। मगर ठेकेदार के द्वारा अभी तक बकाया राशि 1 लाख अस्सी हजार रूपए का उन्हें भुगतान नहीं किया हैं। जिससे पीडित को आर्थिक परिस्थितियो से जुझना पड रहा हैं। ज्ञापन के जरिए वह ठेकेदार से राशि दिलाने की मांग की है। यह जानकारी मजदूर कोमल सिंह विश्वकर्मा के द्वारा दी गई।

# मोतीलाल वोरा की जयंती पर जिला अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

देश की राजनीति में सक्रिय रहे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व राज्यपाल, और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोतीलाल वोरा जन्म जयंती पर आज दुर्ग में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजेंद्र पार्क चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर दुर्ग कांग्रेस कमेटी और शहरवासियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। इस दौरान जिला अस्पताल में मरीजों को पूर्व विधायक अरूण वोरा द्वारा फल वितरण भी किया गया।

- कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष को किया याद

उनकी जयंती के अवसर पर कांग्रेस पार्टी के कई राष्ट्रीय नेताओं ने उन्हें याद किया। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और राजस्थान से राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी, उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सांसद एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी ने भी मोतीलाल वोरा की याद में पत्र प्रेषित किया। छत्तीसगढ़ के भी कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत,पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस बाबा, और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शामिल हैं, ने उनके आदर्शों और कार्यों को सराहते हुए पत्र के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। जयंती के अवसर पर उनके सुपुत्र, प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा, बाबूजी ने दुर्ग को सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि अपने परिवार का हिस्सा माना। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मोतीलाल वोरा की धर्मपत्नी शांति देवी वोरा, उनके सुपुत्र अरविंद वोरा, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, जिलाध्यक्ष गया पटेल, भिलाई कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, और अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। इसके अलावा, धर्मेंद्र यादव, अल्ताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, राजकुमार साहू, महिप सिंह भुवल, शंकरलाल ताम्रकार, मदन जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और शहरवासी कार्यक्रम का हिस्सा बने।



## भाजपा सरकार का एक साल पूरा होने पर कार्यक्रम का आयोजन

# विकासखंडों में किसान सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य सरकार के एक साल पूरे होने पर जिले के विकासखण्डों में आज किसान मेला का आयोजन किया गया। विकासखण्ड मुख्यालय धमधा एवं पाटन के साथ ही दुर्ग विकासखण्ड के ग्राम कातरों में किसान मेला आयोजित की गई। यहां पर क्षेत्रीय विधायक श्री ललित चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

- कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर

राज्य सरकार की किसान हितैषी नीति योजनाओं और उपलब्धियों को जनसामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किसान सम्मेलन में कृषक उन्नति योजना के लाभान्वित किसानों और प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया गया। इस दौरान कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं से जुड़ कर कृषि के उन्नत तकनीक अपनाने किसानों को प्रोत्साहित किये। साथ ही लाभान्वित होने जागरूक किये। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री ललित चन्द्राकर ने जय जवान जय किसान की नारा के साथ प्रधानमंत्री द्वारा इसमें जोड़े गये जय अनुसंधान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। अन्नदाता किसानों के सम्मान के लिए आज यह सम्मेलन आयोजित किया गया है। राज्य और केंद्र की सरकार किसान हित में लगातार काम कर रही है। किसानों के लिए समर्पित प्रदेश सरकार देश में सबसे अधिक दाम पर उनके उपज खरीद रही है। आज किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। सरकार द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।



### कृषि सामग्री का किया गया वितरण

मुख्य अतिथि विधायक श्री चन्द्राकर ने सम्मेलन में उन्नतशील कृषकों को शॉल, श्रीफल भेंट व पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने करकमलों से कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन एवं सीसीबी के हितग्राही किसानों को मृदा कार्ड, आईस बाक्स, जॉल एवं ऋण स्वीकृति पत्रक प्रदान किया। उन्नतशील कृषक गंगदेव, कमलनारायण, सजल चन्द्राकर, मेघराज मांडरिया, खोरबहरा पटेल, मुरारी साहू, राजेन्द्र साहू, लक्ष्मण निषाद और अश्वनी सरपे ने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री के पाती मिलने पर खुश होकर विष्णु सरकार को धन्यवाद दिए।

### विधायक ने किसानों को सुनाई पाती

उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ राज्य सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर कर रही है। समर्थन मूल्य और आदान सहायता मिलाकर किसानों को प्रति क्विंटल धान का मूल्य 3100 प्रदान करने जा रही है। विगत वर्ष सरकार ने 145 लाख मेट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी की थी। इस साल खरीफ फसल के बेहतर उत्पादन के कारण 160 लाख मेट्रिक टन धान की खरीदी का अनुमान है। विधयाक श्री चन्द्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के किसानों के नाम पाती को पड़ कर सुनाया।

# सत्यप्रकाश कांट्रेक्टर संघ के अध्यक्ष बने


हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग


छग कांट्रेक्टर एसोसिएशन की बैठक विगत दिनों दुर्ग में आयोजित कि गई। इस दौरान जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष के लिए ठेकेदार संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मौजूदगी में सर्वसम्मित से सत्यप्रकाश चंद की नियुक्ति की गई। जिसमें वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यगण आलोक शिवहरे, कमलजीत सिंह ओबेराय, केपी मिश्रा, मिथलेश मिश्रा, संजय सिंघी, राजेन्द्र सुराना, हर्ष नाहर, अवतार साहनी, सुनिल सिंह, ऋषि शुक्ला, घनश्याम देशमुख, विक्रांत सिंह, रवि सिंह, दिनेश सिंह, राजेश गुप्ता, कुमार जसवानी, सिद्दार्थ चंद्राकर, अमित नायक, गिरजेश गुप्ता, आलोक राजपूत, विक्रम अग्रवाल सहित अन्य ठेकेदार उपस्थित थे।

# नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को विधायक के साथ मनाया उत्साह



**दुर्ग।** जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल के द्वारा नियुक्त सभी मंडलो के अध्यक्ष की घोषणा शनिवार को की गई। नवनियुक्त सभी मंडल अध्यक्षों को विधायक गजेन्द्र यादव ने फूलमाला पहनाकर शुभकामनायें दी। जिला भाजपा कार्यालय में जिला चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा भेजे गए बंद लिफाफे को खोलकर नवनियुक अध्यक्ष के नामो की विधिवत घोषणा की गई। भाजपा संगठन में नई नियुक्तियां होने पर कार्यालयों में कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे को मिठाई बांटकर फूल-माला पहनाकर बाजे गाजे के साथ स्वागत कर बधाई दिए। विधायक ने कहा सभी मंडल अध्यक्षों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने उत्साहवर्धन किये। विष्णुदेव साय सरकार के उपलब्धियों तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की आमजन को जानकारी देकर आगामी नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाने कहा।


हरिभूमि
23rd
Years
ANNIVERSARY
हरिभूमि भिलाई संस्करण के
23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि के
23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मा. विजय बघेल जी
सांसद
मा. प्रेमप्रकाश पाण्डेय जी
योगेन्द्र (मुन्ना पाण्डेय जी)
Er. Hitesh Bhai Patel
State Vice President, Distt.-Durg
(Indian Press Council)
National Counselor Journalist Union


KANHAIYA STEEL INDUSTRIES
KV GROUP
K.V. POLYTECH
K.V.P
WIRES & CABLES
(An ISO 9001:2015 Certified Company)
2x6 Aluminium Twin Cable
2x10 Aluminium Cable
4x10 Aluminium Cable
4x16 Aluminium Cable
Copper Submersible Cables Available From 3 X 1.5 to 3 X 10 Mm
1.0 sqmm to 4.0 sqmm House/Domestic Wire
kvpwiresandcables
सभी प्रकार के कॉपर एवं एल्युमिनियम केबल्स फैक्ट्री रेट (मूल्य) में प्राप्त करें
MANUFACTURER OF COPPER AND ALUMINIUM CABLES
PREFERRED MAKE OF BHILAI STEEL PLANT, SAIL
140B Light Industrial area Bhilai , 490023 , Chhattisgarh
GST NO. : 22AEHPJ1398F1ZO
+91 9993052990
+91 98271 93344
kvpolytech.com
kvgroup2320@gmail.com
kvpolytech@yahoo.com


हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
MAHOBIYA
GROUP OF COMPANIES
ISO : 9001 ; 2015
हरिभूमि के
23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
महोबिया ग्रुप
ऑफ़ कम्पनीज
बिल्डर्स और ग्राहकों के लिए एक संपूर्ण
रियल एस्टेट समाधान।
हमारी विशेषताएं
संपत्ति प्रबंधन
और समाधान
ग्राहक सेवा
हमारी टीम आपके हर सवाल और समस्या का समाधान करने के लिए तत्पर।
नई प्रॉपर्टी लॉन्च और अवसर
नए प्रोजेक्ट्स से जुड़े रहें और अपने सपनों को साकार करें।
हमें क्यों चुनें?
छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी सेल्स और मार्केटिंग
कंपनियों में से एक है, हम प्रदान करते हैं:-
आवासीय बंगले और फ्लैट्स
प्लॉट्स, प्रॉपर्टीज
वाणिज्यिक प्रॉपर्टीज
किरायेदार प्रॉपर्टीज
KOUSHAL
BUILDCON
ABOUT
MAHOBIYA
GROUPS
महोबिया ग्रुप्स में बिल्डर्स और ग्राहकों के लिए एक
संपूर्ण रियल एस्टेट समाधान प्रदान करते हैं, जिसमें
शामिल हैं: कौशल बिल्डकॉन, महोबिया प्रॉपर्टीज।
www.koushalbuildcon.com
कौशल टॉवर 139/A, इंदू आईटी
स्कूल के सामने, कोहका कुरुद रोड, भिलाई
+91-9109132341
+91-9179370569


हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
फायरमैन प्रशिक्षण
भर्ती हेतु
सत्र - 2024-25
उम्र 17 वर्ष से 40 वर्ष तक
FSDMI
अहं अस्मि रक्षक
PRIVATE INSTITUTE
Admission Helpline : 7697212782
योग्यताः- 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नाकोत्तर पास छात्र एवं छात्राओं के लिए
कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़